26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 15 जुलाई, 2026
अंक- 261 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# यूके की कारें, व्हिस्की और कपड़े आज से सस्ते मिलेंगे



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत में यूके की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर आज से सस्ते मिलेंगे। आज से भारत-यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। यानी अब भारत के 99 प्रतिशत सामानों को यूके में जीरो टैरिफ पर निर्यात किया जाएगा। वहीं यूके के 99 प्रतिशत सामान 3 प्रतिशत एवरेज टैरिफ पर आयात होंगे। इससे 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 राउंड की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे। इस व्यापार समझौते के लागू होने से पहले भारत में यूके की हाई कमिश्नर लिंडी कैमरन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यूके और भारत इस बात पर सहमत हैं कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट आज 15 जुलाई से लागू हो जाएगा। यह आधुनिक यूके-भारत पार्टनरशिप के लिए ऐतिहासिक पल है। यह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए ग्रोथ के नये युग की शुरुआत करेगा।'

यूके से आयात होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150 प्रतिशत से घटकर 75 प्रतिशत हो जाएगा। बाद में समझौते के दसवें साल तक इसे घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा। यूके की कारों (जैसे जगुआर लैंड रोवर, रोल्स रॉयस) पर टैरिफ 100त्न से कोटा सिस्टम के तहत 10 प्रतिशत तक आ जाएगा। इससे ये कारें 20-30 प्रतिशत सस्ती हो सकती हैं।

# राम मंदिर ट्रस्ट का सीईओ बनने के लिए बेताब हैं भक्त, एक हजार से ज्यादा दावेदार


लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। अयोध्या के राम मंदिर के सीईओ पद के लिए देशभर से आवेदकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। पद के लिए अब तक 1,000 से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। खास बात ये है कि आवेदकों में सबसे बड़ी संख्या रिटायर्ड अफसरों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की है। राम मंदिर ट्रस्ट ने नये सीईओ के चुनाव के लिए तीन सदस्यीय सर्च कमेटी बनाई है। भर्ती नोटिफिकेशन जारी होने के महज 24 घंटे के भीतर ही सर्च कमेटी के आधिकारिक ईमेल पर आवेदनों की बाढ़ आ गई। राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ पद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 18 जुलाई तय की गई है। माना जा रहा है कि तब तक आवेदनों की संख्या कई हजार पार कर जाएगी। उम्मीद से कहीं ज्यादा आवेदन आने के कारण सर्च कमेटी के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।


आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग
घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश









# चिंगारी का विश्लेषण है शानदार

# भाजपा जीतेगी इस बार

## प्रतिक्रिया : सुधीर भुईयार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** लोकप्रिय सांध्य दैनिक 'चिंगारी' द्वारा नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के सम्बन्ध में कल प्रकाशित किया गया चुनावी विश्लेषण शानदार, सटीक और जमीनी हकीकत पर आधारित था। इस बार भाजपा का संगठन योगी सरकार के सुशासन तथा मोदी सरकार के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ' वाले मंत्र के दम पर निश्चित तौर पर नजीबाबाद विधानसभा सीट को जीतकर शीर्ष नेतृत्व को समर्पित करेगा। यह कहना है भाजपा बिजनौर के अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुधीर भुईयार का। ज्ञातव्य है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक 'चिंगारी' ने 14 जुलाई के अंक में 'क्या इस बार पूरा होगा भाजपा का ख्वाब ? ' नामक शीर्षक के साथ नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र का चुनावी विश्लेषण प्रकाशित किया था। भाजपा नेता सुधीर भुईयार का कहना है कि 'चिंगारी' के इस चुनावी विश्लेषण को नेताओं ने बेहद पसंद किया है।



साथ ही इस चुनावी रिपोर्ट ने भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों के लिये प्रेरित करने का काम भी किया है। यह चुनावी विश्लेषण जमीनी हकीकत और क्षेत्र की चुनावी परिस्थितियों को दर्शाने वाला एकदम सटीक, सारगर्भित और शानदार है।

भाजपा नेता सुधीर भुईयार ने कहा कि 'अंत्योदय' के विचार पर कार्य करने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनाव -2027 में कमल खिलाकर योगी जी के गले में पड़ने वाली माला में एक कमल पुष्प नजीबाबाद विस सीट का भी गूथेंगे। अनुसूचित जाति वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने के साथ-साथ उसके स्वाभिमान को बढ़ाने का जितना काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है, उसके बराबर भी काम किसी और राजनीतिक दल ने नहीं किया है।

# जलशक्ति मंत्री ने खो बैराज पर किया वृक्षारोपण

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत



वृक्षारोपण करते मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** मंगलवार की शाम जल शक्ति केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शेरकोट खो बैराज पर वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।

मंत्री स्वतंत्रत देव सिंह शेरकोट कल शाम खो बैराज पर पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने गगन भेदी नारों के बीच माल्यार्पण और बालाजी महाराज का छायाचित्र भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत उन्होंने खो बैराज के गेस्ट हाऊस परिसर में पौधरोपण पर जनता को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और पेड़ों की सुरक्षा करने का संदेश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में वृक्ष लगाए जा रहे हैं,जो भविष्य में बेहद लाभदायक और जीवन रक्षक साबित होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस जनहित के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने व पेड़ों की सुरक्षा करने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कामेश्वर राजपूत, रणजीत सिंह दारा, अचल चौहान, संजय प्रजापति, अभिषेक कोहली, शिव कुमार, अतुल मारवाड़ी, शुभम बिड़ला आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मंत्री जी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

## अधिकारियों को बाढ़ से बचाव के लिए निर्देश दिए

**खो बैराज पर पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सिंचाई खंड मुरादाबाद के मुख्य अभियंता शरद कुमार, अधीक्षण अभियंता राजीव मित्तल, अधिशासी अभियंता आरपी सिंह सहायक अभियंता विपिन गौतम, प्रतीक सिन्हा, जेई हरबीर सिंह आदि से क्षेत्र में बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों में बाढ़ सुरक्षा व बचाव हेतु किये गए कार्यों व तैयारियों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा मंत्री जी को स्थिति से अवगत कराए जाने पर उन्होंने अधिकारियों को समय रहते बाढ़ की रोकथाम हेतु हर सम्भव कार्य करने के निर्देश दिए।**

# 185 युवाओं को मिला रोजगार



रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए पालिकाध्यक्ष इन्दिरा सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर में 'वृहद रोजगार मेला ' मंजुल मयंक नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिजनौर की अध्यक्षता एवं राकेश कुमार शर्मा प्रधान सहायक के संचालन में आयोजित किया गया, जिसमें 10 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया और उ.प्र. कौशल विकास मिशन जनपद बिजनौर एवं राजकीय आईटीआई बिजनौर में प्रशिक्षित लगभग 565 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया गया, जिसमें लगभग 185 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिन्हें मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा सिंह अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा जॉब ऑफर लेटर दिए गए। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काटकर एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेले के आयोजन में श्री मंजुल मंयक प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिजनौर, राकेश कुमार शर्मा प्रधान सहायक, मारकण्डे चौरासिया (एम.आई. आई.एस. मैनेजर), रोहिताश्व कुमार पाण्डे (एमआईएस मैनेजर) कौशल विकास मिशन, आंचल कुमार प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नजीबाबाद, विशाल राठी जिला सेवायोजन अधिकारी, पंकज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से कमजोर युवक लापता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठा से एक 22 वर्षीय युवक पिछले 2 दिनों से लापता है। परिजनों ने गुमशुदगी की तहरीर थाना हीमपुर दीपा में दी है। गांव पुट्ठा निवासी तेजपाल ने पुलिस को बताया कि उनका भाई बल्लू पुत्र सहदेव मानसिक रूप से कमजोर है। वह 13 जुलाई 2026 की शाम करीब 5:30 बजे घर से गांव में घूमने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की ( केवल धामपुर वाले को वरीयता )
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

बढ़ते भ्रष्टाचार व गरीबों को योजनाओं का लाभ न मिलने पर चिंता जताई (पेज 8)



# डीएम व एसपी ने किया कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण



नेशनल हाईवे स्थित मनोकामना मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम, एसपी व अन्य अधिकारी।

**शेरकोट (चिंगारी)।** सावन माह में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से डीएम जसजीत कौर और एस पी अभिषेक झा ने क्षेत्र कांवड़ यात्रा के रास्तों व शिविर स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कल शाम कांवड़ यात्रा मार्ग के निरीक्षण हेतु दौरे पर निकले डी एम और एसपी नेशनल हाईवे पर स्थित कावरती सेवा शिविर स्थल मनोकामना मंदिर, हरेवली तिराहा, चुंगी नंबर पांच आदि स्थानों पर पहुंचे और यातायात, सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जानकारी ली। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न कराने और शिवभक्तों की सुविधा के लिए हाइवे पर बैरिकेडिंग लगाने ,यातायात व्यवस्था सुचारू रखने, प्रकाश व्यवस्था, सफाई, पेयजल व्यवस्था और आपातकालीन स्थिति के लिए बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिये। एसपी अभिषेक झा द्वारा पुलिस को संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने, संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी करने और हाइवे पर रूट डायवर्सन का पालन कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम स्मृति मिश्रा, सीओ धामपुर,सी ओ अफजलगढ़, एएसपी, आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक सील

**नगीना (चिंगारी)।** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा चलाए जा रहे तीन निजी क्लीनिकों को सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से झोलाछाप लोगों में हड़कंप मच गया है।



नोडल अधिकारी डॉ. केपी सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में अप्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा क्लीनिक खोलकर निजी प्रेक्टिस करने की शिकायत मिल रही थी। उनका कहना है कि शिकायत के बाद वह मौके पर पहुंचे तो अप्रशिक्षित चिकित्सक आशीष व दानिश क्लीनिक छोड़कर मौके से गायब हो गए, जबकि मोहसिन मौके पर अपने कागजात नहीं दिखा सके। उन्होंने बताया कि तीनों क्लीनिकों को सील करते हुए उनके यहां नोटिस चस्पां कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि तीनों अप्रशिक्षित चिकित्सक को 7 दिन के भीतर अपने चिकित्सा रजिस्ट्रेशन संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नाबालिग लड़की एक सप्ताह बाद बरामद

**साथ ले जाने वाला भी निकला नाबालिग**

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गत 8 जुलाई को एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को उसके पड़ोसी गांव निवासी एक लड़का बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। लड़की के पिता ने रेहड़ पुलिस से लड़की की सकुशल बरामदगी एवं आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई थी। रेहड़ पुलिस ने इस बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज किया और लड़की को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान पंजीकृत अभियोग में बीएनएस की धारा 137(2), 65(1) व पोक्सो एक्ट की धारा 4(2) की वृद्धि करते हुए वांछित बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह (बच्चा जेल) मुरादाबाद भेज दिया गया है।

# कुर्कशुदा जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

## पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शेरकोट (चिंगारी)।** एक व्यक्ति ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कुछ लोगो पर उसकी कुर्क भूमि पर निर्माण कर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य रूकवाकर ज़मीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

स्थानीय मौहल्ला नौधना निवासी सरफराज अहमद ने बताया कि ग्राम मुस्तुफापुर तैयब बीए में उनकी एक काश्त की आराजी है। जो खसरा नंबर 226 में है और जिलाधिकारी के आदेश पर कुर्कशुदा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक इसी खसरा नंबर में नगर के मौहल्ला शेखान निवासी मौ. शारिक की भी 1100 गज जमीन है, जो प्रार्थी की भूमि से अलग स्थान पर है। आरोप है कि 13 जुलाई को आरोपी शारिक ने अपने भाईयों के साथ मिलकर कुर्कशुदा लगभग चार बीघा भूमि पर बुनियाद भर दी। आरोप है कि ये काम होने पर जब उन्होंने आरोपियों से अपनी कुर्कशुदा भूमि पर निर्माण करने को मना किया तो उन्होंने गाली-गलौज की और कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों ने उन्हें ये भूमि नापकर दी है। पीड़ित ने राजस्व विभाग के अधिकारियों पर निर्माणकर्ता से हमसाज़ होंने का आरोप लगाया है और उपजिलाधिकारी से स्थलीय जांच कराकर भूमि कब्जा मुक्त कराने और नियम विरुद्ध काम करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर आरोपी पक्ष द्वारा अपनी भूमि पर निर्माण करने की बात कही जा रही है।

## सूचना

मेरा पौत्र गौरव कुमार पुत्र मदनपाल एवं उसकी पत्नी श्रीमती साक्षी पुत्री रावेन्द्र सिंह मेरे साथ मारपीट करते हैं। वह मेरे कहने में नहीं हैं और गलत संगत में पड़ गये हैं। मेरा पौत्र व उसकी पत्नी मेरे साथ आयेदिन घर में उत्पात मचाते हैं। यदि उसकी किसी पर लेनदारी व देनदारी है तो उसकी मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से गौरव व साक्षी को बेदखल कर रहा हूं। **-रामकुमार पुत्र स्व. श्री मुकुंदी सिंह निवासी ग्राम माहेश्वरी, पोस्ट व थाना मंडावर, तहसील व जनपद बिजनौर**



**भली लगे या बुरी ...**

## दो खेमों में बटती दुनिया

विडंबना है कि आज दुनिया की द्विध्रुवी राजनीति अमेरिका और चीन के बीच केन्द्रित होती जा रही है और शीतयुद्ध के पुराने दिनों की तरह विभिन्न देशों को एक या दूसरे खेमे में जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आशंका है कि यह प्रक्रिया आने वाले समय में और तेज होकर नए शीतयुद्ध का स्वरूप ले सकती है। ईरान युद्ध में सीधे अमेरिका के कूदने के साथ ही अब रूस के खुलकर ईरान के पक्ष में आने तथा रूस का यूक्रेन से चलने वाला युद्ध पुराने शीतयुद्ध की तुलना में स्थिति को और खतरनाक बना रहा है। यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि भले ही वर्तमान समय में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दृष्टिकोण पहले के राष्ट्रपतियों की तुलना में ज्यादा आक्रामक लग रहा है, पर अमेरिकी जनता उस पर नियंत्रण कर सकती है। लोकतांत्रिक अमेरिका अपनी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ मनाने के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर गंभीर विमर्श कर रहा है तथा अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के नेतृत्व में अमेरिकी न्यायपालिका राष्ट्रपति को अनेक मुद्दों पर आत्यंतिक दृष्टिकोण अपनाने से रोक रही है लेकिन रूस और चीन के मामले में स्थिति एकदम उलट है। चीन में तो एकदलीय शासन प्रणाली है जहां लाल झंडे के पीछे राज्य का एकाधिकारी पूंजीवाद विकसित हो रहा है। वर्तमान राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कई पूर्व राष्ट्रपतियों की तुलना में सारी शक्तियां अपने पास केन्द्रित कर ली हैं और स्वयं को माओत्से तुंग व देंग सियाओ पिंग की तुलना में संभवत: अधिक महत्वपूर्ण कम्युनिस्ट विचारक के रूप में पेश कर रहे हैं। हालांकि, रूस में बहुदलीय चुनाव व्यवस्था कायम है, पर चुनावों में कोई भी नेता या दल वर्तमान राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन को चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। इन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में महात्मा गांधी और भगवान गौतम बुद्ध का देश भारत सारी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के विकास, गरीबी उन्मूलन तथा सर्वांगीण विकास पर जोर दे रहा है। भारत पिछले वर्षों में एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों व खासकर 'ग्लोबल साउथ' के प्रवक्ता के रूप में उभरा है। ट्रंप की आक्रामकता व 'टैरिफ युद्ध' के शिकार अनेक समृद्ध व विकसित यूरोपीय देश भी वस्तुस्थिति को समझ कर स्वयं को अमेरिकी या चीनी खेमों से दूर रखने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

# 'एक पेड़ मां के नाम' हरियाली का महासंकल्प

'एक पेड़ मां के नाम' उत्तम संदेश है। पेड़ किसी के नाम से लगाएं या न लगाएं किन्तु संख्या का निर्धारण न करके वो पेड़ लगाएं जो जिस स्थान पर लगा रहे हैं वहां फले-फूले, उन्हें लगाने के पश्चात् देखने वाला भी हो। पेड़ लगाए छोड़ दिये, कितने चले, कितने नहीं किसी को ज्ञात नहीं। जबकि प्रकृति वास्तविक माँ रूपी होती है, इसकी गोद का स्पर्श प्रत्येक मानव को स्वास्थ्य व ऊर्जावान बनाता हुआ उससे आत्मसात होने की प्रेरणा देता है, क्योंकि प्रकृति सभी के जीवन का विशेष और अविभाज्य अंग है। कई प्रसिद्ध लेखकों, चित्रकारों एवं कलाकारों के कार्यों की सराहना इसलिए ही हुई कि उन्होंने प्रकृति पर कार्य किया। इसको समझाना, क़लम चलाना सरल नहीं, क्योंकि प्रकृति का चित्रण हम तब ही कर सकते हैं, जब हम इसके निकट हों एवं इसका पठन-पाठन करते हों, क्योंकि ये सिर्फ भावनाओं का खेल नहीं, बल्कि ईश्वर का वह उपहार है जिसे प्रत्येक मानव के दैनिक जीवन को चलाने के लिए ईश्वर द्वारा रचित है। फिर भी मानव अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति से खिलवाड़ करता रहता है, जो हमारे लिए ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी दुखदायी होगा, क्योंकि वन, उपवन को विकसित करने में लम्बा समय एवं समर्पण लगता है और यही परिश्रम उत्तराधिकार के रूप में, हमारे पूर्वजों, ऋषि-मुनियों ने हमारे लिए छोड़ा है। जैसे- नीला आकाश, टिमटिमाते तारे, लाल-नारंगी सूर्यास्त, हरे-भरे पहाड़, बहती हवाएं, कल-कल करते झरने, पवित्र गंगा, जीवन्त पुष्प और प्रकृति की विशाल सुंदरता मानवता हेतु आशीर्वाद और प्रकृति के परिवर्तन की शक्ति जो मानव के तन-मन को संतुलित करती हुई स्वस्थ जीवन का आधार बनती है और कवि के भावों को खजाना मिल जाता है।

प्रकृति का रूप अनन्त है। लेकिन आधुनिक मानव कृत्रिम सुख-सुविधाओं की लालसा में प्राकृतिक स्त्रोतों को झुठलाता हुआ या उस पर शासन करता हुआ उसके वास्तविक रूप-स्वरूप से विमुख होता जा रहा है, जबकि प्रकृति सर्वथा देने में विश्वास रखती, लेने में नहीं। मानव अपनी भूख शान्त करने हेतु अन्य का निवाला छीन-झपट लेता है, सुगन्धित, पल्लिवित कलियों को मसलता हुआ, उन वृक्षों के सीने पर वार करता हुआ दो-चार पौधें रोपित करके स्वयं को प्रकृति का मालिक समझ लेता है, जबकि बारिश की बूंदों का आभास हो तो वह कह रहीं कि कितना भी ऊपर उठ जाओ आना धरा पर ही होगा। जबकि मानव एक बुद्धिजीवी प्राणी है, इसलिए उसका कर्तव्य बनता है कि वो स्वयं के, समाज के व राष्ट्र के हित के लिए वही करे, जिसके कारण ईश्वररूपी निर्मित रचना में व्यवधान उत्पन्न न हो, उसकी सुन्दरता में दाग न लगे। जैसे- प्रकृति जिसने हमें संसाधनों के रूप में अमूल्य उपहार दिये हैं। प्रकृति ने ही हमें संवेदनशील मानव बनाया है, उसके प्रति हम संवेदनहीन हो गए। ठीक उसी प्रकार जैसे ममतामई माँ से उसका पुत्र विमुख हो जाता है। पर माँ फिर भी पुत्र का अहित नहीं चाहती, फिर क्यों आज रफ्तार के क्रम में प्रकृति को छलते जा रहे हैं? उसके नियमों के विरुद्ध उसे प्रदूषित करते जा रहे हैं? कारण समझ आता है कि आज के वैज्ञानिक युग में निरन्तर हो रहे अविष्कारों ने पंचतत्वों को प्रदूषित किया है, पर कटु सत्य है कि हमारे निहित स्वार्थों के कारण धरती प्रभावित हुई है।

विश्व के किसी भी देश का साहित्य देखें तब ज्ञात होगा कि वह प्रकृति प्रतीकों, उपमेय, उपयनों से भरा मिलेगा। झरने, नदियां, पहाड़, वृक्ष सभी का वर्णन सौंदर्य से जुड़ा हुआ मिलेगा। कवि की रचनाओं से जुड़ा, बच्चे की चित्रकारी में मिलेगा, क्योंकि मानव सर्वथा सुन्दरता की ओर आकर्षित होता रहा है। इसलिए प्रकृति का स्पर्श मानवता को संतुलित रखता है। मानवता के कार्यों से प्रकृति रूष्ट हो जाए तब चेतावनी स्वरूप अनावृष्टि, अतिवृष्टि, सूखा, बाढ़, दुर्भिक्ष व भुकम्प के रूप में अपना रौद्र रूप दिखाकर चेताती है। क्या हम इस प्रकृति चक्र को समझ पाए? कदापि नहीं। इसलिए ऐसे बिन्दुओं को आत्मसात करें जो हमारी आवश्यकताओं, अनगिनित इच्छाओं व जागरूकता न होने के कारण पर्यावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। कुछ प्रश्न हम स्वयं से पूछें और उत्तर देने का प्रयास करें...

★कपड़े के थैले छोड़ प्लास्टिक का प्रयोग क्यों?

★वृक्षों का दोहन पर वृक्षारोपण नहीं अगर रोपण किया तो दिखावा मात्र क्यों?

★जंगल, वन समाप्त कर कंक्रीट को बढ़ावा क्यों? उपजाऊ भूमि कम, उस पर उर्वरता रसायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग क्यों?


★धार्मिक मान्यताओं के चलते पूजन सामग्री फल-फूल गंगा में प्रवाहित क्यों?

★होलिका दहन में सेमल के वृक्ष जिनमें औषधीय गुण होते हैं वे समाप्त होते जा रहे हैं क्यों?

★होली पर प्रयोग होने वाले रंगों को, जो स्टोन अथवा अन्य पत्थरों के पाउडर से निर्मित होते हैं, उनसे वायुमण्डल में धूल कणों की मात्रा बढ़ने से अस्थमा जैसी बीमारियों व जल अपव्यय का कारण बनते हैं, उनका प्रयोग क्यों?

★भोज सामग्री के लिए पूर्व में वृक्षों के पत्तों, मिट्टी से निर्मित पात्रों का उपयोग किया करते थे आज डिस्पोजल सामग्री ने ले लिया है, जिससे कूड़ा निपटान की समस्या ऐसा क्यों?

★पर्यटन स्थल पर सुन्दरता निहारने जाते हैं पर वहीं प्लास्टिक बैग खाना-पीना छिलके फैलाकर आ जाते हैं क्यों?



**रश्मि अग्रवाल**
पर्यावरण प्रेमी-लेखिका नजीबाबाद

## वे सात शब्द

बहुत पहले की बात है, अरब में एक अद्भुत व्यापारी था। उसने अपनी जिंदगी में कभी विफलता नहीं देखी थी, बल्कि आलम यह था कि जो कुछ भी छूता, वही सोने में बदल जाता, कहने का तात्पर्य यह है कि वह जिस काम में भी हाथ डालता, उसी में कामयाबी के कीर्तिमान रच देता। लोग उसे किसी जादूगर की तरह मानते थे। कारोबारी दुनिया का वह वाकई जादूगर था, क्योंकि जब कभी भी वह यात्रा पर निकलता, तो अपने ऊंटों पर नये-नये खजाने लादकर लौटता। कभी हीरे-मोती लेकर, तो कभी अशर्फियों से भरी बोरियां लादकर। फिर एक दिन यह अफ़वाह फैली कि उस व्यापारी ने अपनी सफलता का राज एक किताब में बता दिया है। जाहिर है, जिसने भी सुना, वह उसके घर की तरफ दौड़ पड़ा, ताकि उस किताब को हासिल कर सके। देखते-देखते उसके दरवाजे पर हजारों की भीड़ जमा हो गई। व्यापारी ने न केवल यह स्वीकार किया कि उसने वाकई अपनी सफलता का राज किताब में लिखा है, बल्कि वहां एकत्र भीड़ को उसने यह भी बताया कि वह खुद पिछले पचास सालों से नियमित रूप से उस जादुई किताब को पढ़ता आ रहा है। अपनी तकरीर के अंत में उसने यह भी कहा कि अगर तुम लोग मेरी सलाह मानोगे, तो तुम सबका जीवन भी मेरे जैसा चमत्कारी हो जाएगा।

भीड़ व्यापारी से उस किताब को दिखाने का इसरार करने लगी। आखिरकार, उसने वह किताब खोलकर लोगों को दिखाई, उस बड़ी किताब के तमाम पन्नों पर सिर्फ सात शब्द बार-बार लिखे थे। मैं भी आप से वे सात शब्द कहना चाहता हूं और वे शब्द हैं: कुछ हो जाए, एक कोशिश और करो।

**ओशो**

# प्रयासों में कोई कमी नहीं, फिर भी अलीम का पता नहीं चल सका

**किरतपुर ( चिंगारी )**। विधायक मनोज पारस व चेयरमैन अब्दुल मन्नान के प्रयासों से गत रात्रि में पोकलेन मशीन व जेसीबी से अलीम की मॉलन नदी में तलाश की गई। समाचार लिखे जाने तक अलीम का कुछ पता नहीं चला है। विधायक मनोज पारस ने कल जिला अधिकारी जसजीत कौर से फोन पर





मालन नदी से पानी की निकासी के लिए पोकलेन मशीन लगवाने की मांग की थी जिस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर नेशनल हाईवे की पोकलेन मशीन कल शाम को मालन नदी पहुंची और मालन नदी में पानी बंद कराया और पानी का बहाव जेसीबी मशीन से दूसरी ओर मोड़ा गया, जिससे जेसीबी से खोदकर बच्चों को तलाश किया जा सके। विधायक व चेयरमैन के सैकड़ो समर्थक भी दिन-रात नदी पर डटे हैं। अलीम के परिवार वालों के अलावा नगर व क्षेत्र की जनता विधायक मनोज पारस व चेयरमैन अब्दुल मन्नान के जज्बे को सलाम कर रही है।



## भाजपा युवा प्रदेशाध्यक्ष से मिले पीयूष रस्तौगी

**स्योहारा ( चिंगारी )**। भारतीय जनता पार्टी ने युवा मोर्चा का अध्यक्ष रोहित मिश्रा को नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में खुशी का माहौल है। रोहित मिश्रा के परिषद के साथी व भाजपा नेता पीयूष रस्तौगी ने लखनऊ पार्टी कार्यालय पहुंचकर रोहित मिश्रा को अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दीं और परिषद में काम करने की यादों को ताजा किया। पीयूष रस्तौगी ने बताया कि वह परिषद से अनुशासन लेकर आए हैं। रोहित मिश्रा युवाओं की आवाज हैं।

# एसडीएम ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर दिशा निर्देश दिये

**नगीना ( चिंगारी )**। एसडीएम प्रिंस कुमार ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंगलवार की दोपहर एसडीएम कार्यालय में आयोजित बैठक में एसडीएम प्रिंस कुमार ने पुलिस, विद्युत,नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग, पूर्ति विभाग, दमकल कर्मियों के साथ बैठक कर आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को



कांवड़ यात्रा के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तत्परता के साथ निर्वाहन करना होगा। उन्होंने शिव भक्तों के लिए उनके यात्रा मार्ग पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ मार्ग सूचना हेतु बैनर/ पोस्टर लगाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ राजेश कुमार सोलंकी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार, थाना अध्यक्ष विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# धामपुर से शिवभक्तों का जत्था अमरनाथ रवाना

**धामपुर ( चिंगारी )**। मंगलवार को धामपुर से बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए 28 वां शिवभक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यह जत्था आज शाम तक बालटाल बैस कैम्प पहुंचेगा और गुरुवार को कश्मीर घाटी में स्थित पावन अमरनाथ गुफा पहुंचकर बाबा बर्फानी के दर्शन करेगा। जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पंजाबी कॉलोनी स्थित श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर के सत्संग भवन में श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाडा पंजाब की धामपुर शाखा के संयोजक सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के पंडित पवन कौशिक, शिव मंदिर पंजाबी



कॉलोनी के पुजारी आचार्य पंडित अश्वनी कुमार शर्मा ने मंत्रोच्चारण से कराया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर आदित्य अग्रवाल, साहित्यकार दिनेशचंद्र अग्रवाल नवीन, धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, सुरक्षा अधिकारी अंजय कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं मनोज कात्यायन, वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, महंत पीयूष अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल पिंटू, डॉक्टर दीप सौरभ पार्थ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार हरिकांत शर्मा आदि ने जहां पूर्व की यात्राओं के अनुभवों को साझा किया, वहीं यात्राओं के संयोजक सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी के प्रयासों की भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर श्री अमरनाथ बर्फानी सेवादल सरहिंद की धामपुर शाखा के संयोजक हरिमोहन शर्मा, कृष्णकांत गुप्ता, प्रमोद कुमार मिश्रा बैंक वाले, जितेंद्र मोहन कपूर, जगदीशलाल अरोड़ा, नितिन छाबड़ा, निखिल छाबड़ा सन्नी, संयम जैन, राजेंद्र दुआ, सरदार मंजीत सिंह, सुशील कुमार गुप्ता, सरदार गुरमीत सिंह सीडाना, मोनू सीडाना, बृजमोहन मित्तल कमली भैया, राजेश शर्मा, चंद्रपाल सिंह सैनी, डॉक्टर अनुज कुमार वर्मा, मनोज कुमार बिजनौर, हरिओम सैनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार मनोज कात्यायन ने किया।

## छोड़कर कांग्रेस का हाथ, अरमान गये आसपा के साथ

**शेरकोट ( चिंगारी )**। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पत्रकार अरमान सैफी ने आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी और सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन के नेतृत्व में केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर सांसद चंद्रशेखर आज़ाद की मौजूदगी में आसपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। अरमान सैफी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनका उद्देश्य हमेशा जनता की आवाज़ को मजबूती से उठाना रहा है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति राजनीतिक जीवन में केवल किसी दल से नहीं,



बल्कि सिद्धांतों और जनता के हितों से भी जुड़ा होता है। इसी सोच के साथ उन्होंने आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ अपनी नई राजनीतिक पारी शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आज़ाद की सराहना करते हुए कहा कि वे सड़क से लेकर सांसद तक संविधान, सामाजिक न्याय और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब वे जनहित के मुद्दों को उठाने और आसपा को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।



# राहुल गांधी की रैली होगी अब बन्नू स्कूल मैदान में

## परेड ग्राउंड की अनुमति रद्द होने पर देर रात हंगामा

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आगामी 17 जुलाई को होने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का स्थान बदल दिया

### प्रशासन के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी, बैरिकेड्स और ताला तोड़कर जताया विरोध

गया है। प्रशासन द्वारा आखिरी वक्त पर परेड ग्राउंड में रैली की अनुमति निरस्त किए जाने के बाद अब यह कार्यक्रम देहरादून के बन्नू स्कूल मैदान में आयोजित होगा।

अनुमति रद्द होने की खबर मिलते ही 14 जुलाई की देर रात देहरादून में भारी सियासी ड्रामा देखने को मिला। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। कार्यकर्ताओं ने परेड ग्राउंड के बाहर लगी पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ दिया और मैदान के गेट का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हो गए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पार्टी ने नगर निगम में 1.77 लाख का शुल्क जमा कराकर तीन दिन की एडवांस बुकिंग की थी, इसके बावजूद राजनीतिक दबाव में अनुमति रद्द की गई।



कांग्रेस नेतृत्व ने इस प्रशासनिक कार्रवाई को भाजपा सरकार का डर बताया है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि सरकार राहुल गांधी के युवाओं से संवाद कार्यक्रम से घबरा गई है, इसलिए अड़ंगेबाजी की जा रही है। दूसरी ओर, विवाद के बाद कांग्रेस ने बन्नू स्कूल मैदान में रैली करने का निर्णय लिया है और देर रात ही कार्यक्रम की तैयारियां वहां शिफ्ट कर दी गईं। 2027 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले इस कार्यक्रम को कांग्रेस के बड़े शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

## महेंद्र भट्ट बोले- कांग्रेस फैला रही है भ्रम



**देहरादून (चिंगारी)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि कांग्रेस इस पूरे मामले को जानबूझकर राजनीतिक रंग दे रही है। उन्होंने दावा किया कि परेड ग्राउंड के लिए दिए गए प्रारंभिक आवेदन में कहीं भी राहुल गांधी के कार्यक्रम या उनके नाम का उल्लेख नहीं किया गया था। ऐसे में कांग्रेस अब तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। महेंद्र भट्ट ने कहा कि परेड ग्राउंड में इन दिनों केंद्र सरकार का लोक संवर्धन पर्व आयोजित हो रहा है। राष्ट्रीय शोक के कारण सांस्कृतिक कार्यक्रम समय पर नहीं हो सके थे, इसलिए आयोजन की अवधि दो दिन बढ़ाई गई है। ऐसे में मैदान पहले से निर्धारित सरकारी कार्यक्रम के लिए उपयोग में था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार प्रशासन ने कांग्रेस का कार्यक्रम रोकने की बजाय बन्नू स्कूल मैदान सहित अन्य वैकल्पिक स्थल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था, ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित हो सके। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की रैली रोकने के आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

## 13 अगस्त तक चलेगा मतदाता सूची विशेष अभियान

**देहरादून (चिंगारी)।** भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड के निर्देशानुसार जनपद देहरादून में फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। 1 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 14 जुलाई को कर दिया गया है।

इसके साथ ही 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि पात्र नागरिक अपने नाम को

### नाम जोड़ने और संशोधन का मिलेगा मौका

मतदाता सूची में दर्ज कराने या उसमें संशोधन के लिए संबंधित मतदाता पंजीकरण अधिकारी, सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा निर्वाचन आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रपत्र-6 के माध्यम से नए मतदाता अपना नाम जुड़वा सकते हैं। प्रपत्र-7 का उपयोग मृतक, स्थानांतरित अथवा अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने के लिए किया जाएगा, जबकि प्रपत्र-8 के जरिए नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन कराया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें। यदि किसी का नाम सूची में नहीं है या किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन कर उसे ठीक कराएं।

## अस्पताल में भर्ती होने पर भी पीआरडी के जवानों को मिलेगा मानदेय : रेखा आर्या

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड सरकार ने पीआरडी स्वयंसेवकों के हित में एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय लिया है। अब ड्यूटी या प्रशिक्षण के दौरान बीमार अथवा घायल होकर अस्पताल में भर्ती होने वाले पीआरडी जवानों को उपचार अवधि में भी मानदेय मिलेगा। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप जारी इस व्यवस्था से पीआरडी जवानों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और उन्हें इलाज के दौरान आय की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पीआरडी स्वयंसेवक विपरीत परिस्थितियों में भी विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देते हैं। ऐसे में ड्यूटी के दौरान किसी दुर्घटना या बीमारी की स्थिति में सरकार का उनके साथ खड़ा रहना हमारी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि को 'ऑन ड्यूटी' मानते हुए अधिकतम 180 दिनों तक मानदेय देने की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी गई है, जिससे पूरे प्रदेश में व्यवस्था का पारदर्शी और एक समान क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि पात्र पीआरडी स्वयंसेवकों को तय प्रक्रिया के अनुसार इस योजना का लाभ दिया जाएगा।



## कन्या इंटर कालेज में पुस्तक मेले व प्रदर्शनी का आयोजन



**धामपुर (चिंगारी)।** स्थानीय कन्या इंटर कॉलेज में एनसीईआरटी पुस्तक शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी आवश्यक एनसीईआरटी की पुस्तकें खरीदीं।

इस अवसर पर प्रधानाचार्या रेखा देवी ने एनसीईआरटी की पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विषयों की गहन समझ तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकें अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन कर इन पुस्तकों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

शिविर में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक बताया। शिविर के सफल संचालन में शिक्षिकाओं नीरज, निधि एवं श्रीमती विनोद का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पुस्तकों के चयन एवं वितरण में मार्गदर्शन प्रदान किया।

## जादू दिखाकर बच्चों को वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया

### शिखर शिशु सदन में हुआ वन एवं वन्य जीवन संरक्षण कार्यक्रम

**धामपुर (चिंगारी)। शिखर शिशु सदन सी. सै. स्कूल में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वन व वन्य जीव संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया।**

इस अवसर पर मशहूर जादूगर बी. सम्राट द्वारा खेल, हास्य विनोद और अपनी जादुई कला के माध्यम से विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनका संरक्षण करने तथा मानव वन्य जीव संघर्ष से बचाव के बारे में बताया गया। जादूगर सम्राट ने कहा कि गुलदार प्रभावित क्षेत्र में दो या अधिक लोग जंगल में काम करने जाएं। गुलदार को देखकर शोर मचाएं। गुलदार का सामना होने पर डरकर भागने के बजाय उसकी आंखों में आंखें डालकर देखें। धीरे-धीरे पीछे हटें। तुरंत वन विभाग को सूचना दें। वन विभाग द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

वन विभाग के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी हरदेव सिंह ने कहा कि वन नष्ट होने से जीव



जंतु ही नहीं अपितु मानवता का भी नाश होता है। 'एक वृक्ष सौ पुत्र समान' की अवधारणा पर सभी को काम करना होगा। प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव ने कहा कि वृक्ष जीवन है, अत: हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए साथ ही उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर वन विभाग के विजय भारत सिंह, गौरव भारद्वाज और जादूगर बी. सम्राट का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुमित अवस्थी, शिक्षक आर.एन. सिंह, गुरप्रीत सिंह, राकेश कुमार, राजीव चौहान, अंकित शर्मा, संजीव चौधरी, नमित कुमार, अर्जुन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लापरवाही को लेकर डीएम ने नाराजगी जताई

## कई अधिकारियों का एक दिन का वेतन कटेगा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार में आयुष्मान कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आईजीआरएस तथा विकास खंडों में मिनी स्टेडियम एवं खेल मैदानों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी शिकायत डिफॉल्टर श्रेणी में नहीं जानी चाहिए। ऐसा होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान लोक



निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त तथा जिला पूर्ति अधिकारी के स्तर पर असंतुष्ट फीडबैक की संख्या अधिक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) के स्तर पर भी अधिक असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। विद्युत विभाग के विरुद्ध लगातार अधिक असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर प्रबंध निदेशक को पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। फैमिली आईडी की समीक्षा में डीएम ने कार्य में तेजी लाने को कहा। जलीलपुर और नूरपुर विकास खंडों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शरदपाल सिंह, डीसीजी रामजी, उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजनौर में स्थापित होगा बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर

## 25 जुलाई तक मांगे गये आवेदन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत जनपद बिजनौर में एक नये बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) की स्थापना की जाएगी। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार इसके लिए प्राकृतिक खेती से जुड़े इच्छुक किसानों, किसान समूहों एवं इकाइयों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपकृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने बताया कि बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) एक क्लस्टर स्तरीय उद्यम होगा, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक जैव-आदान तैयार कर उन किसानों को उपलब्ध कराना है, जो स्वयं इनका उत्पादन नहीं कर सकते। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को गुणवत्तापूर्ण जैव-आदान समय पर उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदनकर्ता प्राकृतिक खेती करने वाला किसान, किसान समूह अथवा ऐसी इकाई होनी चाहिए, जिसके सदस्यों को प्राकृतिक खेती का पूर्व अनुभव हो। संबंधित किसान या समूह अपने खेतों में प्राकृतिक जैव-आदानों का उपयोग करता हो तथा उसके पास गोबर, गौमूत्र और पौध-आधारित बायोमास जैसी आवश्यक कच्ची सामग्री उपलब्ध हो। इसके अलावा निकटवर्ती गौशाला से पर्याप्त मात्रा में गोबर एवं गौमूत्र की आपूर्ति की व्यवस्था तथा जैव-आदानों के निर्माण और भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान होना भी जरूरी है। उपकृषि निदेशक ने प्राकृतिक खेती से जुड़े इच्छुक किसानों से 25 जुलाई, 2026 तक आवश्यक अभिलेखों सहित अपना आवेदन किसी भी कार्य दिवस में उपकृषि निदेशक कार्यालय, बिजनौर में जमा करने की अपील की है।




# नलकूप की छत पर बैठा था गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम भैंसा में नलकूप की छत पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। कार से गांव जा रहे लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। इससे पूर्व ग्राम हीमपुर बुजुर्ग, जमालुद्दीनपुर,बास्टा रोड, मूंदरा सहित कई अन्य स्थानों पर गुलदार दिखाई दिया था। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सावधानी बरतने तथा अकेले में तथा बच्चों को जंगल न भेजने का अनुरोध किया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाये जाने की मांग की है।



# क्लब ने किया होनहार छात्राओं को सम्मानित

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एलएनएस क्लब चांदपुर चेष्टा के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह में सीबीएसई हाईस्कूल में नगर की टॉपर आधारशिला स्कूल की छात्रा अक्षिता अग्रवाल तथा सीबीएसई इंटर में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली फादरसन पब्लिक स्कूल की छात्रा अपेक्षा तोमर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फादरसन पब्लिक स्कूल की प्रबंधक श्रीमती आभा सिंह व श्रीमती मंजू त्यागी ने दोनों होनहार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एलएनएस क्लब चेष्टा की अध्यक्ष तनु भाटिया, सेकेट्री प्रीति चौधरी, नीतू अरोड़ा, संतोष सनाढ्य, मंजू त्यागी, सिद्धि मित्तल, डिम्पल अग्रवाल, नीलम आर्य, लवी अग्रवाल, कल्पना मित्तल आदि मौजूद रहीं।



एल एन एस क्लब चांदपुर

# 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एक किशोर पर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। मासूम के बेहोश होने पर किशोर मौके से फरार हो गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने मासूम का मेडिकल परीक्षण कराया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोर ने सोमवार की शाम पड़ोसी की छह साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर पास के जंगल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के बेहोश होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। होश में आने पर बच्ची ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। मंगलवार को परिजनों ने शहर कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया और पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। शहर कोतवाल अवनीत मान का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ पहुंचे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता, ज्ञापन देकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी





बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले आज किसानों और मजदूरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद किसान और मजदूर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि उनकी विभिन्न मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन अब तक उनका समाधान नहीं किया गया है। उन्होंने किसानों और मजदूरों से जुड़े मुद्दों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की।

संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के नेता कैलाश सिंह लांबा के साथ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू, राजपाल सिंह भगत, संजीव कुमार, नरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, जोगेंद्र कुमार, नरेश कुमार लांबा, ब्रजपाल सिंह, राकेश कुमार और जगत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर तथा आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।



## 17 जुलाई को नजीबाबाद पहुंचेंगे बनवारी लाल कंछल

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों ने बताया कि आगामी 17 जुलाई दोपहर 1 बजे नजीबाबाद रेलवे स्टेशन रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने संगठन के जिला अध्यक्ष नजर खां के प्रतिष्ठान पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल पहुंचेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने समस्त व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। इसके अतिरिक्त व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से नगर के सभी नालों की तलछट सफाई किए जाने की भी मांग की। जिला अध्यक्ष नजर खां की अध्यक्षता एवं प्रदीप डेजी के संचालन में आयोजित बैठक में प्रांतीय मंत्री शिवकुमार माहेश्वरी, युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, शहजाद अहमद, साबिर खान, निसार, हारून, वसीम, देवेंद्र आदि रहे।

## शिक्षकों की मांगों के समर्थन में मांग पत्र सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बध्द उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने लखनऊ जाकर शिक्षकों की विभिन्न मांगों के समर्थन में मांग पत्र सौपा। नज़ीबाबाद निवासी संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन ने विधानसभा सचिवालय में बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में मांग पत्र सौपा, पत्र में विद्यालयों का समय कोरोना काल से पूर्व की भांति 5 घंटे की अवधि का करते हुए प्रात 8 से दोपहर 1 बजे तक करने, माध्यमिक शिक्षकों की भांति प्राथमिक शिक्षकों को भी शत प्रतिशत प्रोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाये, जनगणना कार्य एवं अवकाश के दिनों में की जाने वाली ड्यूटी के प्रति उपार्जित अवकाश स्वीकृत कर उनको शिक्षकों के अवकाश खातों में जोड़े जाने, शिक्षकों को अनावश्यक कार्यों से मुक्त रखने आदि मांगों को सम्मिलत किया।

# पिता ने 16 साल की बेटी से कई बार दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बनाया

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर, गर्भवती लड़की को वन स्टॉप सेंटर भिजवाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता द्वारा अपनी 16 की बेटी के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता पांच-छह माह की गर्भवती है। जिसे पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है। आरोपी पिता के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। करीब तीन दिन पहले आरोपी के परिवार के एक युवक ने मंडावली पुलिस को इस मामले की खबर दी थी, इसके बाद पुलिस ने पीड़िता से शुरुआती पूछताछ करने के बाद वन स्टॉप सेंटर भेज दिया। रविवार को वन स्टॉप सेंटर में पीड़िता की काउंसलिंग की गई। जिसमें पीड़िता ने बताया कि करीब पांच-छह महीने पहले रात में वह कमरे में अकेली सो रही थी। तभी पिता कमरे में आए और उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह दबाए जाने के कारण वह शोर भी नहीं मचा सकी। घटना के अगले दिन उसने मां को पूरी बात बताई, लेकिन पिता ने उसे ही झूठा ठहरा दिया। मां के बाद उसने चाची को भी जानकारी दी, लेकिन वहां भी पिता ने झूठ बोल दिया। दुष्कर्म के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई। गर्भ की वजह से पेट बढ़ता देख परिवार की महिलाओं को शक हुआ। पूरे परिवार व मोहल्ले में चर्चा होने लगी। उधर एक ग्रामीण ने बताया कि चार दिन पहले परिवार के लोगों की इस मामले को लेकर पंचायत बैठी थी, जिसमें आरोपी से घटना के बारे में पूछा गया तो वह चुप रहा। जिस पर एक बुजुर्ग ने उठकर आरोपी को थप्पड़ जड़ दिए थे। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। अब वन स्टॉप सेंटर पर तैनात विधिक स्वयं सेवक शिखा रानी ने पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता के पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हवस व बेशर्मी की हदें पार, इंसानियत शर्मसार

नजीबाबाद (चिंगारी)। घोर कलयुग आ गया है। खून के रिश्तों में भी हवस व बेशर्मी की हदें पार हो गई है, जिससे इंसानियत पूरी तरह से शर्मसार हो गई। नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज में करीब एक सप्ताह पूर्व एक पिता द्वारा अपनी सगी बेटी के साथ दुष्कर्म के प्रयास के मामले की चर्चा अभी थमी भी नहीं थी तथा समाज के लोग इस घटना पर थू-थू कर रहे थे। इसी बीच मंडावली क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपनी 16 वर्षीय बेटी के साथ एक बार नहीं ना जाने कितनी बार वो भी महीनों तक दुष्कर्म करने का सनसनीखेज मामला सामने आ गया है। इंसान हवस में इतना अंधा होता जा रहा है कि उसे अपने सगे रिश्ते भी दिखाई नहीं दे रहे। एक बेटी आखिर जब अपने घर में भी अपनी इज्जत आबरू को सुरक्षित नहीं रख पा रही तो समाज में उसकी सुरक्षा किस तरह से हो सकती है। कुछ लोग शराब व अन्य नशों में इतना अंधे हो गये है कि उन्हें अब अपनी बहन बेटी भी नजर नहीं आती है।

# 'ये लड़ाई चुनी हुई सरकार की जवाबदेही के लिए है'

भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता प्रकाश राज ने कहा, ये लड़ाई चुनी हुई सरकार की जवाबदेही को लेकर है। ये सिर्फ़ स्टूडेंट्स की हड़ताल नहीं है। इस देश का ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते ये ज़रूरी है कि सवाल किया जाए और सत्ता के गलियारों को असहमति दिखाई जाए। सोनम वांगचुक कोई छोटे आदमी नहीं हैं, बल्कि पढ़े लिखे आदमी हैं, जिन्होंने हमेशा देश के लिए लड़ाई लड़ी है। अगर वो इन बच्चों के समर्थन के लिए भूख हड़ताल पर हैं तो वो कोई असली वजह होगी।

## वांगचुक का वज़न 8.5 किलो घटा

### कल जंतर-मंतर पहुंचेंगे केजरीवाल

नीट पेपर लीक मामले के बाद शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन में लद्दाख़ के सामाजिक कार्यकर्ता और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक के भूख हड़ताल को 17 दिन पूरे हो चुके हैं। उनके अलावा भी कई लोग धरनास्थल पर भूख हड़ताल कर रहे हैं।

मंगलवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, वांगचुक का वज़न 8.5 किलोग्राम कम हो चुका है, उनका ब्लड प्रेशर 109/70 है। सोनम वांगचुक के लगातार गिरते स्वास्थ्य के बीच उनके समर्थन में आवाज़ें भी उठ रही हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोनम से अपील की है कि वो अपनी भूख हड़ताल ख़त्म कर दें। साथ ही केजरीवाल ने घोषणा की है कि वो गुरुवार को शाम पांच बजे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन स्थल पर उनके समर्थन के लिए जाएंगे। इस बीच फ़िल्म और मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने भी सोनम वांगचुक का समर्थन किया है।

### संसद मार्च का ऐलान

वांगचुक के अनशन शुरू होने के बाद से कई राजनीतिक दलों के सांसद, सामाजिक कार्यकर्ता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उनसे मिलने जंतर-मंतर पहुंचे हैं।




हालांकि अभिजीत दीपके का कहना है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का अब तक कोई नेता वहां नहीं आया है और न ही सरकार की ओर से बातचीत की कोई पहल की गई है।

उन्होंने कहा, समझ नहीं आता कि सरकार देश के नागरिकों की बात को इतनी आसानी से क्यों ख़ारिज कर रही है। हम सिर्फ़ जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। हम यह नहीं कह रहे कि हमें या सोनम वांगचुक को शिक्षामंत्री बना दिया जाए। हमारी केवल इतनी मांग है कि जवाबदेही तय की जाए और जो शिक्षामंत्री परीक्षाएं ठीक से नहीं करा सका, उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। अब अगर सरकार प्रदर्शनकारियों के पास नहीं आती है तो प्रदर्शनकारियों ने एलान किया है कि वे सरकार के पास जाएंगे। आंदोलनकारियों ने 20 जुलाई को संसद मार्च का ऐलान किया है। इसी दिन संसद का अगला सत्र शुरू होगा।

दीपके ने कहा, हम पिछले 24 दिनों से यहां बैठे हैं और सोनम सर पिछले 16 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। इसके बावजूद सरकार ने न तो कोई हस्तक्षेप किया और न ही बातचीत शुरू की, इसलिए हमने तय किया है कि अब हम ही संसद जाकर अपनी मांगें सरकार के सामने रखेंगे।

### 1800 से ज्यादा हस्तियों की गुहार, वांगचुक देश की धरोहर

जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक का अनशन 17वें दिन भी जारी है। सोजेपी ने राहुल गांधी, जेपी नड्डा समेत कई नेताओं को समर्थन के लिए बुलाया है। 1800 से अधिक हस्तियों और कई विपक्षी नेताओं ने वांगचुक से अनशन खत्म करने की अपील की।

### यहां विरोध सिर्फ आवाज में नहीं, ठहराव में भी है

दिलचस्प बात यह है कि यहां मौजूद लोगों की उम्र ज्यादातर 20 से 30 साल के बीच दिखाई देती है। कोई सोशल मीडिया पर लाइव अपडेट भेज रहा है। कुछ लोग चर्चा में शामिल हो जाते हैं। कई चेहरे थके हुए हैं, लेकिन हौसला थका हुआ नहीं दिखता। धरना स्थल पर छोटे-छोटे समूह बन गए हैं। हर समूह का अपना विषय है। कहीं शिक्षा नीति पर बहस है, कहीं बेरोजगारी पर चर्चा, तो कहीं कोई संविधान की बातें कर रहा है। विरोध यहां सिर्फ नारों तक सीमित नहीं, बातचीत में भी दिखाई देता है। रात गहराती जा रही है, लेकिन जंतर-मंतर अभी सोया नहीं है।

### सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त, केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीती 28 जुलाई से आमरण अनशन कर रहे हैं। सोनम वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है।

### बदलाव की उम्मीद, रात में भी कम नहीं हो रहा हौसला

दिल्ली की सड़कों पर इस वक्त ट्रैफिक का शोर है, लेकिन जंतर-मंतर के भीतर एक अलग ही दुनिया बसी हुई है। घड़ी रात के 10 बजने का इशारा कर रही है। ऊपर काले तिरपाल तने हैं, नीचे चादरें बिछी हैं और उनके बीच बैठे युवा अपने-अपने तरीके से विरोध को जिंदा रखे हुए हैं। यहां भीड़ बहुत बड़ी नहीं है। लेकिन जो लोग हैं, वे कहीं जाने की जल्दी में नहीं दिखते। एक कोने में गिटार की धुन छिड़ती है। कुछ लड़के-लड़कियां सुर मिलाकर इंकलाबी तराने गाने लगते हैं। गीत खत्म होते ही तालियां बजती हैं, फिर कोई नया गीत शुरू हो जाता है। थोड़ी दूर एक गोल घेरा बना हुआ है। बीच में बैठा एक युवक हाथ के इशारों के साथ शिक्षा व्यवस्था पर अपनी बात रख रहा है। उसके चारों तरफ बैठे लोग बिना टोके सुन रहे हैं।




## स्कॉलर्स होम स्कूल लखनऊ में हुई शानदार जोनल कराटे प्रतियोगिता

**लखनऊ (चिंगारी)।** गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल में ज़ोनल कराटे टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों के 14 प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र व छात्राओं ने विभिन्न वज़न वर्गों में कराटे का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें स्कॉलर्स होम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई स्वर्ण पदक अर्जित किए। साथ ही, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, लखनऊ पब्लिक कॉलेज एवं अन्य विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए। डायरेक्टर श्रीमती सरिता जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता के विकास में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपम सिंह ने सभी विजेताओं को बधाई दी एवं उनकी मेहनत की सराहना की।




## डीजल भरवाकर फरार हुए कार सवार

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

**बिजनौर (चिंगारी)।** चांदपुर रोड स्थित जन्नत फिलिंग स्टेशन पर डीजल भरवाकर बिना भुगतान किए फरार हुए कार सवार युवकों का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 11:34 बजे एक कार जन्नत फिलिंग स्टेशन पर आकर रुकी, जिसमें चार युवक सवार थे। युवकों ने कार में 3,500 रुपये का डीजल भरवाया। डीजल भरने के बाद चालक बिना भुगतान किए तेज गति से कार लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पेट्रोल पंप स्वामी महफ़ूज़ मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर कार और आरोपित युवकों की पहचान करने का प्रयास शुरू कर दिया है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक पुलिस को न तो कार का पता चल सका था और न ही उसमें सवार युवकों की पहचान हो सकी थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नकली वेबसाइट बनाकर ठगी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़

**नूरपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने परिवहन विभाग की आधिकारिक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट यानी (एचएसआरपी) की वेबसाइट की हुबहू नकल बनाकर देशभर में ठगी करने वाले एक संगठित साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में सात शातिर युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस पूछताछ में गिरोह के कारनामों का चौकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपियों ने परिवहन विभाग की वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी साइटें तैयार की थीं। वेबसाइट को आम लोगों को असली लगवाने के लिए आरोपियों ने चैट जीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल किया। साइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर, लोगो और भाषा को भी एआई की मदद से प्रोफेशनल बनाया गया था। जब लोग


पुलिस ने दो आरोपियों का चालान कर दिया।

इन फर्जी वेबसाइटों पर एचएसआरपी प्लेट की बुकिंग के लिए ऑनलाइन भुगतान करते थे, तो पैसा सीधे गिरोह के सदस्यों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाता था। पुलिस ने मौहम्मद इकराम पुत्र मौहम्मद अकरम ग्राम लम्बाखेड़ा (स्योहारा), मोहम्मद फहीम पुत्र नईम बूढ़नपुर (स्योहारा), मौहम्मद शानू पुत्र इब्राहीम हीमपुर बुजुर्ग ( चांदपुर),नितेश पुत्र महिपाल सिंह आजमपुर उर्फ रतनगढ़ (शिवाला कलां), विकास पुत्र यादराम अलाउद्दीनपुर भोगी, विकास कुमार पुत्र पाली मुखियारपुर (कांठ) मुरादाबाद, वरुण यादव पुत्र रामनिवास सिंह थाना स्योहारा के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने बैंक खातों को फ्रीज कराकर लेनदेन का ब्योरा खंगाला जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों से एक एप्पल का मोबाइल ओर 10200 रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस ने दो आरोपियों इकराम, विकास को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है।

# मंडी परिसर में गंदगी देख एसडीएम भड़के


नगीना में मंडी समिति परिसर में सफाई व्यवस्था का जायज लेते एसडीएम प्रिंस कुमार।

**नगीना ( चिंगारी )।** व्यापारियों की शिकायत के बाद मंडी समिति परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेने गए एसडीएम प्रिंस कुमार वहां व्याप्त गंदगी देखकर भड़क गए। उन्होंने मंडी समिति सचिव से तत्काल ठेकेदार का परिसर का लिखित में स्पष्टीकरण मंगाने व संतोषजनक जवाब नहीं देने पर ठेका निरस्तीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसडीएम प्रिंस कुमार ने मंडी सचिव अभिषेक शर्मा के साथ कोतवाली मार्ग पर स्थित मंडी समिति परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें साफ सफाई संतोषजनक नहीं मिली। मंडी सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि जून माह में नजीबाबाद के मेराज अली को करीब नौ लाख रुपये में सफाई व्यवस्था का ठेका हुआ था। उनका कहना है कि प्रारंभ से ही ठेकेदार द्वारा नियम शर्तों का कोई पालन नहीं किया गया, जिसके चलते कुछ दिन पूर्व सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए एक समिति का गठन भी किया गया था। उन्होंने बताया कि मंडी समिति परिसर में खराब सफाई व्यवस्था को देखते हुए उनके द्वारा ठेकेदार को अंतिम नोटिस भी दिया जा चुका है। उनका कहना है कि यदि तीन दिन के भीतर ठेकेदार का संतोष जनक जवाब नहीं मिला तो ठेका निरस्तीकरण की कार्वाई कर दी जाएगी। उधर मंडी सचिव का कहना है कि मंडी समिति परिसर में अवैध तौर पर कब्जा करने व रास्ते में सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के सहयोग से शीघ्र अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा।

# फैल न जायें रोग, सचेत रहें लोग



## सराय आलम में निकाली गई रैली

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम सराय आलम में शिक्षकों-शिक्षिकाओं, ग्राम प्रधान, आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्कूली बच्चों के साथ गांव में रैली निकालकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति सचेत किया गया। स्वास्थ्य विभाग से आशा मॉनिटर मोहम्मद सलीम, ग्राम प्रधान राशदा परवीन, आशा मीरा देवी, आशा संगीता, सीएचओ अंजलि, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी महेश कुमार, कंपोजिट स्कूल के प्रधानाध्यापक जगदीप सिंह, नरेशपाल सिंह, अंशुल कुमार, शालिनी रस्तोगी, अनीता जायसवाल, मनु भारती, सुरभि, सरिता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शमा गौतम, साजिया, प्रमोद मौर्य, राशन डीलर मोहम्मद जहांगीर सहित काफी व्यक्ति शामिल रहे।

# हुमा परवीन बनीं जामिया पॉलिटेक्निक की ब्रांच टॉपर

## 9.5 सीजीपीए के साथ हासिल की विशिष्ट योग्यता

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले की प्रतिभाशाली छात्रा हुमा परवीन ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों से परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। वह नगीना निवासी इंजीनियर जावेद निसार की पुत्री तथा पूर्व एमएलसी जनाब निसार अहमद की पौत्री हैं। हुमा परवीन ने वर्ष 2022 में लाला राधेश्याम अकादमी, नगीना (बिजनौर) से हाईस्कूल की परीक्षा 86 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 2023 में उन्होंने देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली की प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया। हाल ही में घोषित परीक्षा परिणाम में हुमा परवीन ने वर्ष 2026 में 9.5 सीजीपीए के साथ प्रथम श्रेणी (विशिष्ट योग्यता) प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा में प्रथम स्थान हासिल कर ब्रांच टॉपर बनने का गौरव भी प्राप्त किया। हुमा परवीन की इस उल्लेखनीय सफलता पर परिवार, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# एडीजीसी (दीवानी) के रिक्त पद पर आवेदन आमंत्रित

## 28 जुलाई तक जिलाधिकारी कार्यालय में जमा होंगे आवेदन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए पात्र एवं इच्छुक अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) हुकुम सिंह कश्यप के 30 जून, 2026 को अधिवर्षता आयु (60 वर्ष) पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त होने के कारण यह पद रिक्त हुआ है। इस पद पर नियुक्ति के लिए विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रावधानों के अनुसार पैनल तैयार कर शासन को भेजा जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप क एवं ख में वांछित सूचनाओं की दो प्रतियों सहित अपना आवेदन 28 जुलाई, 2026 को सायं 5 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी कार्यालय, बिजनौर में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) पद के लिए अभ्यर्थी के पास कम से कम सात वर्ष का विधि व्यवसाय का अनुभव होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ जीवनवृत्त (बायोडाटा), अधिवक्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, शैक्षिक एवं जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), विधि व्यवसाय का विवरण, आयकर संबंधी अभिलेख, शपथ पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नियुक्ति शासन की निर्धारित शर्तों एवं विधि परामर्शी निर्देशिका के अनुसार की जाएगी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# यूपी में तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : कपिल चौधरी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी ने क्षेत्र में गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को जनता की हितैषी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' पर चलते हुए कार्य कर रही है। कपिल चौधरी ने क्षेत्र के ग्राम अखलासपुर में आयोजित जनसभा में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के सभी को सरकार की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत हासिल कर उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनायेगी। इससे पूर्व गांव पहुंचने पर भाजपा नेता कपिल चौधरी का ग्रामीणों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार, विनीत कुमार, राजीव कुमार प्रधान, नवनीत कुमार, सौरभ



चौधरी, दिग्विजय अहलावत, अंकित कुमार, सुनील जाटव, मंजीत चौधरी, कपिल गोयल, अर्पित गोयल, गौरव लाम्बा आदि मौजूद रहे।

वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल चौधरी की माताजी कुंतेश देवी ब्लॉक जलीलपुर की प्रमुख हैं। मां के ब्लॉक प्रमुख रहते कपिल चौधरी ने क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रिकॉर्ड विकास कार्य कराये, जिसके लिए क्षेत्र के लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। वहीं कपिल चौधरी लोगों के दुख-सुख में हमेशा ही आगे खड़े रहते हैं,यही कारण है कि उनकी क्षेत्र में मजबूत पकड़ है।

# कुत्ते ने हाथियों को दौड़ाया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** मंगलवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की कोसी रेंज के अंतर्गत ग्राम सुंदरखाल में एक हैरान कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। ग्राम के समीप पहुंचे दो टस्कर (दंतैल) हाथियों को एक अकेले कुत्ते ने भौंकते हुए दौड़ा दिया। इस पूरे घटनाक्रम को ग्रामीणों ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने भी मामले का संज्ञान लिया। वीडियो में कुत्ता लगातार हाथियों के पीछे दौड़ता नजर आ रहा है, जबकि दोनों हाथी उससे दूरी बनाते हुए आगे दौड़ रहे हैं। इस अनोखे घटनाक्रम को देखकर ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार सामान्यत: हाथी कुत्तों की भौंकने की आवाज और उनके अचानक आक्रामक व्यवहार से सतर्क हो जाते हैं। जिसके कारण वे कई बार वहां से हट जाना ही उचित समझते हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक



डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि वीडियो रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का है।

## जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प

# 16 से 22 जुलाई तक मनाया जायेगा भूजल सप्ताह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में भूजल सप्ताह जन-जागरूकता अभियान के सफल एवं प्रभावी आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह का आयोजन कर रही है। इस वर्ष अभियान की थीम 'जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प' रखी गई है।



जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि, सिंचाई, पेयजल और औद्योगिक क्षेत्रों की अधिकांश आवश्यकताएं भूजल स्रोतों से पूरी होती हैं। प्रदेश में लगभग 70 प्रतिशत सिंचाई, 80 प्रतिशत पेयजल तथा 85 प्रतिशत औद्योगिक जलापूर्ति भूजल पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक दोहन के कारण कई क्षेत्रों में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में स्थिति और अधिक चिंताजनक है। ऐसे में भूजल संरक्षण और संवर्धन समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के दौरान जनपद की सभी ग्राम पंचायतों, विकास खंडों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों एवं अन्य नगरीय निकायों में मिशन मोड पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में रैली, गोष्ठी, शपथ ग्रहण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, पौधारोपण, वर्षा जल संचयन, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई तथा जल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने, तालाबों एवं जलाशयों के संरक्षण, चेकडैमों के निर्माण एवं जीर्णोद्धार, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग तथा धान की सीधी बुवाई जैसी जल संरक्षण तकनीकों को व्यापक स्तर पर अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझाते हुए उसके विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शरदपाल सिंह, डीसीजी रामजी आरबी यादव तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ए.आर. बने अमित वर्मा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बिजनौर में तहसील सदर में अपर जिला सहकारी अधिकारी (एडीसीओ) के पद पर तैनात अमित वर्मा का सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता (एआर) के पद पर प्रमोशन हुआ है। सहकारिता विभाग में एआर जिले की सहकारी समितियों का सर्वोच्च अधिकारी होता है। सहकारी समिति मंडावर से सेवानिवृत्त एमडी राजपाल सिंह, सहकारी संघ मंडावर के सभापति पवन राजपूत, राजीव राजपूत, शिवपाल सिंह, एमडी जगदीश सिंह, एमडी मुनेन्द्र सिंह, गौरव राजपूत, सेवानिवृत्त एमडी प्रेमराज सिंह आदि ने अमित वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करके पदोन्नति की बधाई दी।



# चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह के स्वास्थ्य लाभ की कामना

**नूरपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उनके आवास पर पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे उनका उपचार दिल्ली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। स्वास्थ्य लाभ होने पर घर लौटे अध्यक्ष से मिलने के लिए उनके शुभचिंतकों की आवाजाही बढ़ गई है। इस अवसर पर धर्मवीर दिवाकर, डॉ. वसीम सिद्दीकी, मोहम्मद रफी मिकरानी, नवाब मलिक, आसिफ खान, मुस्तफा इदरीसी आदि मौजूद रहे।



# कांवड़ यात्रा : 30 जुलाई से 24 अगस्त तक लागू रहेगा कांवड़ यात्रा का डायवर्जन प्लान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्रावण मास कांवड़ मेला-2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने 30 जुलाई की रात से 24 अगस्त तक जनपद में व्यापक यातायात डायवर्जन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस दौरान विभिन्न मार्गों पर हल्के वाहनों और आवश्यक वस्तुओं से जुड़े वाहनों के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किए गए हैं। आम नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की गई है।

## बदले गए प्रमुख मार्ग

बिजनौर से नगीना, धामपुर, शेरकोट, अफजलगढ़ और काशीपुर जाने वाले वाहनों को सेंट मैरी चौराहे से नजीबाबाद रोड, न्यू बाईपास और कोतवाली देहात होते हुए भेजा जाएगा। वहीं हल्दौर, नहटौर जाने वाले वाहन कृष्णा कॉलेज तिराहे से चौधरी चरण सिंह चौक होकर गुजरेंगे।

मंडावर जाने वाले वाहनों को किरतपुर मार्ग, जबकि चांदपुर जाने वाले वाहनों को अम्हेड़ा तिराहा (नूरपुर रोड) होकर भेजा जाएगा। नूरपुर और स्योहारा के लिए यातायात सामान्य मार्ग से संचालित होगा।

## बिजनौर शहर में कई मार्गों पर यातायात रहेगा परिवर्तित, वैकल्पिक रूट किए गए निर्धारित

## आवश्यक वस्तुओं के वाहनों के लिए विशेष व्यवस्था

खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम, गैस और मेडिकल सामग्री लेकर चलने वाले वाहनों को केवल रात्रि 12 बजे से सुबह 4 बजे तक निर्धारित मार्गों से आवागमन की अनुमति रहेगी।

## मोटा महादेव मंदिर पर पार्किंग व्यवस्था

**मोटा महादेव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग मंदिर के सामने स्थित आम के बाग में बनाई गई है।**




## डायवर्जन का पालन करने की अपील

**कांवड़ यात्रा एवं यातायात डायवर्जन की निगरानी अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक यातायात गौतम राय करेंगे। पुलिस ने लोगों से यात्रा के दौरान निर्धारित डायवर्जन का पालन कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।**

# निर्धारित मानक का उल्लंघन होने पर डीजे वाली कांवड़ शहर में नहीं करेगी प्रवेश

## डीजे संचालक के साथ हायर करने वाले के ख़िलाफ़ भी होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )। इस महीने के आखिरी दिनों में शुरू होने वाली प्रस्तावित कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने की तैयारियों में जुटे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने डीजे संचालकों की बैठक में साफ कहा कि निर्धारित मानकों की अनदेखी करने वाले डीजे को शहर क्षेत्र की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और न ही बजने दिया जाएगा। इसके साथ ही मानक का उल्लंघन करने पर डीजे संचालक के साथ डीजे हायर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही जातिगत गानों पर भी पूरी तरह रोक रहेगी।**

मुजफ्फरनगर जनपद में कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं दुर्घटनामुक्त संपन्न कराने की तैयारियों में जुटे प्रशासन की ओर से सहायक पुलिस अधीक्षक सिटी सिद्धार्थ के मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजू कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में डीजे संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान कांवड़ सैल प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र यादव, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बृजेश शर्मा सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### शपथ-पत्र भी भरवाये

**बैठक के दौरान सभी डीजे संचालकों से शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करने संबंधी शपथ-पत्र भी भरवाए गए। उन्हें स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि कांवड़ यात्रा के दौरान निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने, अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण फैलाने, डीजे की निर्धारित ऊंचाई से अधिक रखने अथवा अन्य नियमों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।**

बैठक के दौरान कांवड़ यात्रा के दौरान डीजे संचालन से संबंधित शासन एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा निर्धारित मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी डीजे संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि डीजे की ऊंचाई, ध्वनि स्तर (साउंड लिमिट) एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखी जाएं, जिससे श्रद्धालुओं, आमजन एवं यातायात व्यवस्था को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यात्रा सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सके। अधिकारियों द्वारा डीजे संचालकों को विशेष रूप से अवगत कराया गया कि अत्यधिक ऊंचाई वाले डीजे के विद्युत हाईटेंशन लाइनों अथवा अन्य अवरोधों के संपर्क में आने की आशंका बनी रहती है, जिससे कांवड़ यात्रियों के जीवन एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। साथ ही बड़े आकार एवं अधिक ऊंचाई वाले डीजे राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग पर यातायात संचालन तथा आपातकालीन सेवा-एम्बुलेंस, फायर सर्विस एवं पुलिस वाहनों के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न कर सकते हैं।

# ललिता गौतम हत्याकांड के दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग

**नगीना ( चिंगारी )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की ओर से मेरठ की दलित छात्रा ललिता गौतम हत्याकांड के दोषियों को गिरफ्तार करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई। भाकपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राष्ट्रपति के नाम एसडीएम प्रिंस कुमार को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि छात्रा ललिता गौतम का सामूहिक दुष्कर्म और हत्या एक गंभीर व संवेदनशील मामला है। अब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने छात्रा ललिता गौतम के सभी हत्यारों को तुरंत गिरफ्तार करने, एसएसपी अविनाश पांडेय को तत्काल निलंबित करने, नीट सहित तमाम परीक्षाओं के पेपर लीक मामलों की जवाबदेही के तौर पर शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा तुरंत लेने, अयोध्या में राम मंदिर के चंदा चोरी मामले में निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने सहित कई की मांगें शामिल कीं। ज्ञापन सौंपने वालों में हरकिशन सिंह, योगेंद्रपाल सिंह, लाल सिंह सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मिलेट्स फसलों का उत्पादन जरूर करें किसान- आकांक्षा



किसानों को किट वितरण करते हुए ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** विकास खंड के डवाकरा हाल में श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राविधिक सहायक अनुज कुमार ने श्री अन्न (मिलेट्स) की फसल उनकी खेती एवं मिलेट्स फसल के उत्पाद किस प्रकार हमारे शरीर के लिए लाभप्रद हैं उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राविधिक सहायक कपिल कुमार ने मृदा पोषक तत्व एवं संचारी रोग नियंत्रण की जानकारी दी। राजकीय कृषि निवेश भंडार प्रभारी रमेश कुमार ने कृषि विभाग में उपलब्ध निवेश एवं उन पर अनुदान के बारे में बताया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने किसानों से अपील की कि वह घर में खाने के लिए मिलेट्स फसलों का जरूर उत्पादन करें। कृषकों को मिलेट्स मिनी किट वितरित की। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा सुरेंद्र सिंह, बीटीएम अंकित त्यागी, प्राविधिक सहायक सुरेश चंद, नवनीत कुमार, अमित कुमार, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल त्यागी, ललित कुमार, सतवीर सिंह, भीष्म सिंह, सुभाष कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तिरमल सिंह और संचालन सेवानिवृत विषय वस्तु विशेषज्ञ देवराज सिंह ने किया।

# युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया




**किरतपुर ( चिंगारी )।** 'सेहत सही लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत रामा एफएम 90.0 द्वारा किरतपुर में युवाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं, जिनमें संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा टीबी के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के संदेश के साथ सभी ने भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया। युवाओं ने यह भी वचन दिया कि वे अपने परिवार, मित्रों और समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाकर इस जनआंदोलन का सक्रिय हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोर्डिनेटर नीलम वर्मा, रचना चौधरी, रूचि शर्मा, जितेन्द्र कुमार, मिस अनम, कामेंद्र सिंह, मोनिका सिंह, प्रियांक, वैशाली शर्मा, नेहा शर्मा, अरुण कुमार, सुभांगी भारद्वाज, अभिषेक राजपूत आदि का सहयोग रहा।

# कॉलेज में किया वृक्षारोपण




**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इंटर कॉलेज, केलनपुर, बिजनौर में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर द्वारा किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वृक्षों के पर्यावरणीय एवं सामाजिक महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी प्रशान्त तोमर, सत्यवीर सिंह, कुलवेंद्र सिंह, श्रीमती शिखा रानी, श्रीमती पवन लता रानी, श्रीमती अनूपा रानी, सुमित कुमार, रोहित कुमार, कुलदीप कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।

# भाकियू तोमर ने नगर पालिका पर दिया धरना



**नहटौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद नहटौर में जोरदार धरना दिया। उन्होंने बुनियादी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो संगठन नागरिकों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

मंगलवार को आयोजित धरने में यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि नहटौर के मुख्य बाजार (मेन मार्केट) में अत्यधिक अतिक्रमण और अनियंत्रित ई-रिक्शों के कारण दिनभर जाम लगा रहता है, जिससे राहगीरों, विशेषकर महिलाओं का पैदल चलना भी दूभर हो चुका है। पीर की चुंगी के ठीक सामने बेतरतीब खड़े रहने वाले ठेलों के कारण लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर में खूंखार आवारा कुत्तों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर घूमने वाले निराश्रित पशुओं की वजह से भी रोजाना सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिन्हें तुरंत पकड़वाकर गौशाला भिजवाया जाए। मोहल्ला छापेग्रान में थोड़ी सी भी बारिश होने पर होने वाले भारी जलभराव की गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त कर इसका स्थाई समाधान निकालने की पुरजोर मांग की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाकियू (तोमर) के नगर अध्यक्ष डॉ. फहीम अहमद, सोनी शर्मा, ज्योति देवी, सुशील शर्मा, दिलशाद अहमद, अबसार अहमद, समीर, आशरा हाशमी, हेमवती, महक, शबाना, शाहिबा, नईमा सहित भारी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण कर रहा विद्युत विभाग

बिजनौर ( चिंगारी )। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में उद्योगों, व्यापारियों और आम जनता की बिजली सम्बंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। कहा गया कि बिजली विभाग लगातार नये-नये नियम बनाकर उपभोक्ताओं

## उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री का भेजा ज्ञापन

का आर्थिक शोषण व उत्पीड़न कर रहा है। बिजली की बढ़ती कीमतों के चलते प्रदेश के उद्यमी व व्यापारी पड़ोसी राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

पांच सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया कि विद्युत विभाग द्वारा 2 किलोवाट तक के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के मीटर के दाम 750 रूपये से बढ़ाकर 5300 रूपये कर दिये गये हैं। यह वृद्धि पूरी तरह से अनुचित और आम जनता व छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ है। बढ़ी हुई राशि को तत्काल वापिस लिया जाये। उत्तर प्रदेश के लगभग 47 लाख उपभोक्ताओं का लोड बिना किसी पूर्व सूचना, नोटिस या सुनवाई के एकतरफा बढ़ा दिया गया है। यह पूरी तरह अवैध है। लोड को तुरंत पुराने स्तर पर बहाल किया जाये।



जिलाधिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन देते हुये व्यापारी।

विद्युत उपभोक्ताओं से अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी मांगी जा रही है। इस एकतरफा आर्थिक वसूली को तुरंत रोकने के आदेश दिये जायें। बिजली के बिलों में ईंधन अधिभार के रूप में 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि जोड़ी जा रही है। इससे हर वर्ग के उपभोक्ता का मासिक बजट बिगड़ गया है। ईंधन अधिभार को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाये। इसके साथ ही अघोषित विद्युत कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि अघोषित विद्युत कटौती के कारण उद्योग धंधों और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मनोज कुच्छल, प्रांतीय संगठन मंत्री बीएस राजपूत, नगर महामंत्री अरविंद पाल सिंह, चिराग सेठ्ठी, जिला उपाध्यक्ष गुलाम साबिर, साहिल मदान, दीपक अररोड़ा, मनु गुप्ता, मौ. शाहरूख आदि शामिल रहे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान सहयोग की अपील

पैजनिया ( चिंगारी )। श्रावण मास कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पैजानिया पुलिस चौकी में डीजे संचालकों, कांवड़ यात्रा के जत्थेदारों एवं गांव व क्षेत्र के गणमान्य लोगों की मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक हल्दौर विजेंद्र राठी ने कहा कि श्रावण मास कांवड़ यात्रा में डीजे संचालक व हरिद्वार से जल लेने जाने वाले श्रद्धालु नियमानुसार व शालीनता के साथ परंपरागत रूप से जल लेकर लौटे। उन्होंने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था बनाते हुए कांवड़ यात्रियों के सफर में मददगार बने। बैठक में शीशपाल सिंह, कर्मेंद्र सिंह, डा. कमल वीर सिंह, सचिन त्यागी, दिवांशु कुमार, देवेंद्र त्यागी, अनुज त्यागी, हिमांशु त्यागी, अमित त्यागी, महिपाल सिंह, संजीव कुमार, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पांच माह से लापता जुवीन का सुराग नहीं

नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव गौहावर जैत निवासी महिला शिम्पी देवी पत्नी जुवीन उर्फ जितेन्द्र ने गत 29 मार्च को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका पति जुवीन उर्फ जितेन्द्र पुत्र थान सिंह निवासी ग्राम मस्तापुर नवादे की मंडयो थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा जो गत 6 फरवरी से ग्राम गैहावर जैत से लापता है। काफी तलाश करने पर भी कोई जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश में जुटी है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बताया कि उक्त युवक के विषय में जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करें। बताने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा तथा बताने पर उचित ईनाम दिया जायेगा।



लापता युवक का फाइल फ़ोटो

# कालेज के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया

चांदपुर ( चिंगारी )। लोकप्रिय इण्टर कॉलेज, केलनपुर, जनपद बिजनौर में पूर्व छात्र सम्मान समारोह एवं 'ग्राम प्रधान' फिल्म के प्रमोशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल थी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय

## 'ग्राम प्रधान' फिल्म का प्रमोशन हुआ

के पूर्व छात्र मदनपाल सिंह द्वारा बिजनौर सिनेमा के अंतर्गत निर्मित फिल्म 'ग्राम प्रधान' के विशेष प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक एवं कलाकार सतीश सैंगर, ईश्वर सरन, अर्जुन सिंह, मदनपाल सिंह, खुशबू सक्सेना, बाबू भारती, प्रिंस वर्मा, शुभम चौधरी, आकाश कुमार, जितेन्द्र तोमर, रोशनी, सिमरन, तुषार, निखिल सहित अन्य कलाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य



लोकप्रिय इंटर कालेज के एक पूर्व छात्र को सम्मानित करते हुये मुख्य अतिथि।

हरवीर सिंह, देवराज सिंह, दयाराम सिंह, समरपाल सिंह, मूला सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, राजीव कुमार (ग्राम प्रधान, केलनपुर), जितेन्द्र सिंह (ग्राम प्रधान, मलेशिया), सतेन्द्र सिंह (प्रधान, मिलक), जयवीर सिंह मीरापुर, जयवीर सिंह भिड़ियाखेड़ा, इमरत सिंह, सतपाल सिंह, डॉ. रामप्रकाश शर्मा, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. विजयपाल सिंह, वृजनन्दन सिंह, वीर सिंह शिव सेना जिला प्रमुख, यशपाल सिंह, तारा सिंह चुखेड़ी, ओमकार सिंह, जयपाल सिंह मलेशिया, घनश्याम सिंह सेठ जी, मलेशिया, भुवेन्द्र कुमार भिड़ियाखेड़ा, योगेश कुमार हुसैनपुर, नवाब अली, महकार सिंह, अशोक कुमार, गिरेन्द्र सिंह तथा विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बिजली की समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

मंडावर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मंगलवार को मंडावर विद्युत उपकेंद्र पर विद्युत समस्याओं को लेकर पंचायत आयोजित की। पंचायत के बाद किसानों ने अधिशासी अभियंता, बिजनौर के नाम जूनियर इंजीनियर (जेई) लेखराम को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की। सोमवार को ब्लॉक अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में आयोजित पंचायत में किसानों ने बताया कि डेबलगढ़ फीडर क्षेत्र का सबसे पुराना और बड़ा फीडर है। डेबलगढ़ फीडर को दो भागों में विभाजित कर अलग-अलग फीडर बनाए जाएं, जिससे ओवरलोड की समस्या समाप्त हो सके। इसके अलावा किसानों ने हाईटेंशन लाइन के ऊपर से गुजर रहे पेड़ों की छंटाई कराने की भी मांग की, ताकि बारिश और तेज हवा के दौरान बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो। इस दौरान योगेश कुमार, पंकज शहरावत (ब्लॉक महासचिव), लवकेश, राकेश, वकार अहमद (नगर अध्यक्ष) सहित भाकियू टिकैत के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवांग त्यागी व स्रागवी वत्स चुने गये स्कूल कैप्टन

नूरपुर ( चिंगारी )। मंगलवार को आर आर पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र वर्ग से देवांग त्यागी एवं छात्रा वर्ग से स्रागवी वत्स को स्कूल कैप्टन चुना गया। बालिका वर्ग में वाइस कैप्टन के रूप में मनुश्री कंधालिया, स्पोर्ट्स कैप्टन में तनिष्का यादव और बालक वर्ग में वाइस कैप्टन के रूप में सार्थक चौहान तथा स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में कुलदीप सिंह का चयन किया गया। हाउस कैप्टन के लिए बालक वर्ग से टेरेसा हाउस से शिवांग चौहान, नानक हाउस से आर्यन यादव, कलाम हाउस से शिव चौधरी, टैगोर हाउस से मयंक कुमार को कैप्टन चुना गया। बालिका वर्ग में टेरेसा हाउस से जसप्रीत कौर, नानक हाउस से नम्रता सिंह, कलाम हाउस से शुरूति कुमारी, टैगोर हाउस स से भूमिका को कैप्टन चुना गय। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने चयनित पदाधिकारियों को बैच लगाकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। निवर्तमान पदाधिकारियों को ध्वज प्रदान कर कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम में स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, चंचल कटारिया, संजीव डबास, स्वाति यादव, विरेन्द्र चौहान, दीपक चौहान, तरूण गर्ग, शाहीन परवीन, शैलेन्द्र कौर, नरेंद्र सिंह, रितु रानी, भूमिका, बबीता पाल, अलका रानी, प्रीति चौहान, कपिल कुमार, मीनू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# श्रावण कांवड यात्रा के मद्देनजर, पेड़ों पर लगाये जा रहे रिफ्लेक्टर

नांगल सोती ( चिंगारी )। श्रावण की कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस द्वारा कांवड़ मार्ग के किनारे खड़े पेड़ों पर रिफ्लेक्टर लगाये जा रहे हैं तथा लोहे के विद्युत पोल्स पर प्लास्टिक की पन्नी बंधवायी जा रही है, जबकि थाना प्रांगण में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें निर्देश दिये गये। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि कांवड़ मार्गो किनारे खड़े भांग के पौधों को उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कटवा दिया गया है। कांवड़ियों की सुरक्षा और कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु हरसंभव कदम उठाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने थाना प्रांगण में डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की। थानाध्यक्ष ने



डीजे संचालकों को निर्देश देते थानाध्यक्ष रामप्रताप।

उन्हें बताया कि डीजे की ऊंचाई भूमि से 10 फीट से अधिक न हो। साथ ही डीजे की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप नियंत्रित हो। लवकुश, अर्जुन, कुलदीप, विशाल, गुरमीत, लवली, दीपांशु, आशीष, कंचन, निसार अहमद, ब्रजमोहन गिरि, मुकेश, समीर अहमद, आदित्य, निखिल, रोहित आदि डीजे संचालक मौजूद रहे।




## विद्यार्थियों को पर्यावरण व वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** वालिया ग्लोबल एकेडमी, नजीबाबाद में पर्यावरण एवं मानव वन्य जीव संघर्ष जागरूकता पर वन विभाग, नजीबाबाद की ओर से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। नजीबाबाद के क्षेत्रीय वन अधिकारी रामकुमार ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि एक पेड़ सौ पुत्रों के समान होता है। वनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा संरक्षण करो पेड़ और फूल, वरना रह जायेगी धूल। जादूगर डाक्टर वी. सम्राट ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए इस विषय से संबंधित जादू दिखाए। विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत वालिया ने विद्यालय में समय समय पर पर्यावरण एवं वन संरक्षण के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अतिथियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर उपक्षेत्रीय वन अधिकारी हरगोविन्द सिंह, वन दरोगा तेजपाल सिंह, परशुराम, शिक्षक कुमुद कुमार, जप्पन झा, पंकज कुमार, सरिता कपूर, कृतिका, आंचल, वर्षा, मोनिका, राशि शर्मा, रिंकी, कार्तिक, रवि शास्त्री मोहित, हार्दिक, योगेंद्र चौहान, मानवीर राठी आदि उपस्थित रहे।

## गौशाला परिसर को स्वच्छ बनाने के लिए किया गया पौधारोपण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत नजीबाबाद स्थित गौशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बेलपत्र एवं नीम के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। गौशाला परिसर में किए गए इस पौधारोपण का उद्देश्य परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। पौधारोपण करने वालों में नगरपालिका के राजस्व अधिकारी विपिन चौहान, पवन कुशवाहा, शुभम ग्रोवर, विनय वर्मा, विनय राजपूत, अनुज कुमार शर्मा, राजन शर्मा आदि उपस्थित रहे।




## मेरा नाम करेगा रोशन...

# कोई बनना चाहता है बैंक मैनेजर, तो कोई अफ़सर

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बचपन में देखे गए सपने ही भविष्य की दिशा तय करते हैं। यदि परिवार का मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और बेहतर शिक्षा का साथ मिले तो इन्हीं सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है। अफजलगढ़ के कई होनहार बच्चे भी अपने उज्ज्वल भविष्य को लेकर बड़े लक्ष्य निर्धारित कर चुके हैं। कोई बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाना चाहता है, तो कोई प्रशासनिक सेवा, चिकित्सा, इंजीनियरिंग और अन्य क्षेत्रों में देश व समाज की सेवा करने का सपना संजोए हुए है। नगर के मोहल्ला गौहर अली खान निवासी प्रीति पवार एवं जगपाल पवार की 13 वर्षीय पुत्री धानी पवार जो कि सेंट मैरी स्कूल अफजलगढ़ में कक्षा 9 की छात्रा है, भविष्य में बैंक मैनेजर बनना चाहती है। उसके अभिभावकों का कहना है कि बेटी के सपनों को साकार करने के लिए वे हरसंभव सहयोग और बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराएंगे।





इसी प्रकार मोहल्ला गौहर अली खान निवासी एकता शर्मा एवं सुमित तेंगुरिया की पुत्री इशा शर्मा जो नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल अगवानपुर में कक्षा 5 की छात्रा है। उच्च प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देखती है। वहीं उसके अभिभावक चाहते हैं कि वह भविष्य में किसी प्रतिष्ठित सरकारी सेवा में चयनित होकर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करे।



जबकि मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी मनीषा एवं दीपक कुमार की पुत्री आरोही जो सरस्वती शिशु मंदिर अफजलगढ़ में कक्षा 8 की छात्रा है। अभिभावक उसे डॉक्टर बनाना चाहते हैं ताकि वह समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा कर सके।

उधर मोहल्ला किला निवासी शिल्पी अग्रवाल एवं रॉबिन अग्रवाल अपनी पुत्रियों पावनी अग्रवाल और इशानी अग्रवाल, जो ब्राइट स्टार इंटरनेशनल अकादमी जसपुर में क्रमश: कक्षा 10 और कक्षा 5 की छात्राएं हैं। अपने उज्ज्वल भविष्य को लेकर आशान्वित हैं। अभिभावकों की इच्छा है कि बड़ी बेटी इंजीनियर और छोटी बेटी डॉक्टर बनकर अपने सपनों के साथ परिवार का नाम भी रोशन करे।





-प्रस्तुति : नितिन दिनेश कौशिक

## महिला के 52 हजार रुपये उड़ाने वाली दो महिलाओं को पकड़ा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड पर रिक्शे में सफर के दौरान एक महिला के रुपये चोरी होने से हड़कंप मच गया। नजीबाबाद के हुसैनपुर निवासी कैसर पत्नी रईस स्वयं सहायता समूह में कार्य करती हैं। उनके अनुसार उन्होंने स्टेशन रोड स्थित स्टेट बैंक से 83 हजार रुपये निकाले। बैंक से बाहर निकलने के बाद कुछ दूरी पैदल चलकर वह एक रिक्शा में सवार हो गईं। इसी दौरान स्टेशन रोड से दो महिलाएं भी उसी रिक्शे में बैठ गईं। पीड़िता के अनुसार विशाल मेगा मार्ट के निकट दोनों महिलाएं रिक्शे से उतर गईं। इसी बीच रिक्शा चालक ने उन्हें अपना सामान जांचने की सलाह दी। सामान देखने पर उन्हें रुपये कम होने का पता चला। संदेह होने पर उन्होंने आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों महिलाओं को पकड़ लिया। कैसर का आरोप है कि पकड़ी गई महिलाओं के पास से लगभग 52 हजार रुपये बरामद हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों महिलाओं को अपने साथ थाने ले गई। जिनसे पूछताछ कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।


## लड़की का अश्लील विडियो बनाने के मामले में दो युवकों पर मुकदमा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर नाबालिग लड़की को दोस्ती के बहाने कैफे में ले जाकर उसकी अश्लील विडियो बनाकर वायरल करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में पीड़ित लड़की के दादा ने थाना प्रभारी अमित कुमार को तहरीर दी थी। सीओ आकांक्षा गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## वाहिदनगर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधारोपण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** पौधारोपण महायज्ञ अभियान-2026 के अंतर्गत वाहिदनगर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्षेत्र के डॉ. राजीव अरोड़ा ने किया। इस दौरान क्षेत्र में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया गया। डॉ. राजीव अरोड़ा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण व नियमित देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। लोगों ने पौधारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों को पौधों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पंकज वर्मा, ठाकुर राजकिशोर सिंह, हिमांशु कश्यप, निखिल सहित अन्य स्थानीय लोगों ने पौधारोपण में सक्रिय सहयोग दिया।



## बढ़ते भ्रष्टाचार व गरीबों को योजनाओं का लाभ न मिलने पर चिंता जताई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** किसान मजदूर यूनियन की एक बैठक रायपुर सादात में शमीम कस्सार के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शमशाद हुसैन एवं संचालन घसीटा पाल ने किया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न संगठनात्मक व जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में आगामी 25 एवं 26 जुलाई 2026 को प्रयागराज में आयोजित होने वाले किसान सभा के राज्य सम्मेलन में जनपद बिजनौर से प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। जिला कमेटी के सभी साथियों से सम्मेलन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार द्वारा पत्रकार मुस्तकीम अहमद के साथ कथित अभद्र व्यवहार पर रोष जताते हुए एसपी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की। बैठक में जनहित से जुड़े अन्य मुद्दों, सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार, पात्र गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने, प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे की नई सूची में अनियमितताओं, गरीब परिवारों के शौचालय निर्माण, ग्राम समाज, सीलिंग, परती व तालाबों की भूमि से कथित अवैध कब्जे हटाकर पात्र लोगों को आवंटित करने की मांग उठाई गई। संगठन ने इन मुद्दों को लेकर आंदोलन चलाने का भी निर्णय लिया। बैठक में मोहम्मद तकी, आवेश अंसारी, अनीस अहमद, अर्जुन सिंह, मोहम्मद अली, दयाराम सिंह, अलीमुद्दीन, इमामुद्दीन, रिजवान अहमद, कादिर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# टीएचडीसी इंडिया लि. ने अपना स्थापना दिवस मनाया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** हरिद्वार बायपास मार्ग पर स्थित विद्युत क्षेत्र के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने ऋषिकेश स्थित अपने कॉरपोरेट कार्यालय और देश भर में मौजूद अपनी सभी परियोजनाओं और यूनिट कार्यालयों में अपना 39वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कंपनी ने प्रचालनात्मक उत्कृष्टता, नवाचार, सतत विकास और भारत की ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में लगातार योगदान देने के अपने संकल्प को दोहराया। समारोह की शुरुआत सिपन कुमार गर्ग, प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा ध्वजारोहण करने के साथ की गई।

सभा को संबोधित करते हुए, सिपन कुमार गर्ग ने कंपनी की शुरुआत से अब तक की शानदार यात्रा पर चर्चा की और कंपनी को भारत के विद्युत क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक बनाने में कर्मचारियों के समर्पण और सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्थापना दिवस न केवल उपलब्धियों का जश्न है, बल्कि नवाचार, प्रचालन उत्कृष्टता और सतत वृद्धि के प्रति टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की प्रतिबद्धता को पुन: दोहराने का एक अवसर भी है।

सिपन कुमार गर्ग ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के हर कर्मचारी की समर्पित कोशिशों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि कंपनी की कुल संस्थापित क्षमता अब 3,907 मेगावाट हो गई है। हाल ही में 1000 मेगावाट के टिहरी वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट और 1320 मेगावाट के खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के चालू होने से टीएचडीसी की विकास यात्रा में अहम पड़ाव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि टीएचडीसी, 'पंप स्टोरेज' सेक्टर में एक प्रमुख शक्ति बनकर और देश की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करके, भारत की विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## "उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित

**समारोह में संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कर्मचारियों को उनके शानदार प्रदर्शन, नवाचारी कार्यों और समर्पित सेवा के लिए अलग-अलग श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। इनमें मेरिटोरियस अवॉर्ड, सजेशन मेला अवॉर्ड, इनोवेशन अवॉर्ड, स्विफ्ट डिसीजन-मेकिंग अवॉर्ड, बेस्ट इम्प्लॉई, गौरव अवॉर्ड और नमन अवॉर्ड शामिल थे। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के पूर्व निदेशक वित्त, जे. बेहेरा को कंपनी के वित्तीय ढांचे को मजबूत करने और संस्थागत विकास में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और अमूल्य योगदान के लिए 'नमन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एल.पी. जोशी, मुख्य तकनीकी अधिकारी, कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं, डॉ. ए.एन. त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।**

# सड़क हो गई जर्जर, दुर्घटना का डर

## पुनर्निर्माण न होने पर करेंगे चक्का जाम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कौड़िया चौराहा से दिल्ली फार्म तक के निवासियों ने चौराहे से फार्म तक क्षतिग्रस्त सड़क के गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण की मांग उठाई है और ऐसा न होने पर चक्का जाम और आंदोलन की चेतावनी दी है।

क्षेत्रीय निवासी पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। तत्पश्चात उन्होंने इस संबंध में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नमामि गंगे परियोजना के तहत सीवरेज लाइन बिछाने के बाद से सड़क की हालत बेहद खराब बनी है। पहले यह मार्ग पूरी तरह ब्लैक-टॉप था लेकिन अब सड़क पर कई जगह गहरे गड्ढे और जलभराव होने से आवागमन जोखिमभरा हो गया है। इसी रास्ते से तेलीपाड़ा स्थित आरपी पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं और स्टाफ प्रतिदिन आवागमन करता है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कहा कि लोनिवि दुगड्डा द्वारा लगाए गए इंटरलॉकिंग ब्लॉक भारी वाहनों के दबाव से टूटकर धंस गए हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क के गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि सड़क सुधारीकरण कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं किया गया, तो क्षेत्रवासी 21 जुलाई को चक्का जाम और अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे।

ज्ञापन सौंपने वालों में सैनिक कॉलोनी वेलफेयर सोसाइटी तेलीपाड़ा के अध्यक्ष मान सिंह, ताजवर सिंह, हुकुम सिंह, ताजवर सिंह भंडारी और त्रिलोक सिंह सहित अन्य क्षेत्रवासी शामिल रहे।

# खण्डूडी ने जनता की आवश्यकता वाले वाहनों को अनुमति देने का स्वागत किया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं विधायक कोटद्वार ऋतु खण्डूडी भूषण ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के संबंध में केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा लिए गए उस निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें इस मोटर मार्ग पर जनता की आवश्यकता वाले वाहनों को निर्धारित शर्तों के साथ संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के 12 फरवरी 2026 के आदेश के अनुपालन में गठित सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी द्वारा 2 जून 2026 को आयोजित बैठक में स्थानीय निवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत मार्ग पर व्यावसायिक यातायात पर प्रतिबंध यथावत रहेगा, जबकि स्थानीय जनता की आवश्यकताओं से जुड़े वाहनों को निर्धारित शर्तों के साथ संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। कहा कि इस निर्णय से लालढांग, चिल्लरखाल, कोटद्वार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को राहत मिलेगी। अब यात्री वाहन, सरकारी बसें, जीएमओयू बसें, स्कूल बसें, कूड़ा संग्रहण वाहन, कृषि कार्यों में प्रयुक्त ट्रैक्टर तथा स्थानीय निवासियों के व्यक्तिगत उपयोग हेतु निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहन इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं को निर्बाध आवाजाही की अनुमति रहेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस विषय को गंभीरता से उठाया और लगातार प्रभावी पैरवी की। साथ ही गढ़वाल लोकसभा सांसद अनिल बलूनी के प्रयासों और सहयोग की भी सराहना करते हुए उनका भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रवीन्द्र नेगी चुने गये डीसीडीएफ के अध्यक्ष



डीसीडीएफ चुनावों में अध्यक्ष पद पर रवींद्र नेगी के जीत की खुशी मनाते पार्टी कार्यकर्ता।

## भाजपा समर्थित 12 निदेशक भी निर्वाचित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला सहकारी विकास संघ डीसीडीएफ कोटद्वार के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीद्वार रवींद्र नेगी ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है।

बताते चलें कि संघ के चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों ने अहम जीत दर्ज की है। इससे पूर्व दो संचालक पदों पर हुए चुनावों में भी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। अब अध्यक्ष पद पर पार्टी के प्रत्याशी रवीन्द्र सिंह नेगी सहित 12 निदेशकों को जीत हासिल हुई है। उपाध्यक्ष पद पर भी बीजेपी के गजेन्द्र सिंह नेगी ने जीत दर्ज की है। अध्यक्ष पद पर रवीन्द्र सिंह नेगी के जीत हासिल करने पर पार्टी समर्थकों में जोश और उत्साह का माहौल बना हुआ है। रवीन्द्र सिंह नेगी पूर्व में भी डीसीडीएफ के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस अवसर पर लैंसडौन विधान सभा विधायक दलीप सिंह रावत ने कहा कि इस चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए गये कार्यों व प्रत्याशियों की कार्यशैली ने जनता के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी है। कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय, पंचायत एवं अब सहकारिता में भी एक तरफा जीत से यह निश्चित है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यों के कारण जनता का पार्टी पर अटूट विश्वास बन गया है।

# स्व. मदनलाल आर्य की 80वीं जयंती पर दिव्यांगों को फल-वस्त्र वितरित किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोशनी आर्य मदनलाल आर्य स्मृति ट्रस्ट शिवपुर के पदाधिकारियों द्वारा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व प्राचार्य स्व. मदनलाल आर्य की 80 वीं जयंती के अवसर पर आर्य सगंध संस्थान मूस्सेपुर नजीबाबाद में रह रहे दिव्यांगों व वृद्धों को वस्त्र व फल वितरित किए। संस्थान की प्रबंधिका कमलेश आर्य ने ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने कहा था कि संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है,दीन दुखियों की सेवा हेतु सबको आगे आना चाहिए । जन सहयोग से ही यहां पर दिव्यांग विद्यालय व वृद्ध आश्रम संचालित हो रहा है, जो अपने आप में महान पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, संस्थान की संचालिका गरिमा आर्य, ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धार्थ आर्य, पूजा आर्य व गजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बिजनौर में दिनदहाड़े ट्रक चालक से मारपीट, एक लाख 21 हज़ार रुपये छीनने का आरोप

## खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताने वाले बोलेरो सवार युवकों पर आरोप

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर के चक्कर रोड स्थित राधिका बैंक्वेट हॉल के पास आज सुबह बोलेरो सवार युवकों द्वारा एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर उससे एक लाख 21 हजार रुपये छीनने की घटना सामने आई है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बता रहे थे। वहीं पुलिस ने रुपये छीनने की घटना से इंकार करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित महकार (35 वर्ष) पुत्र जानू, निवासी ग्राम रावली नगला, थाना रतनपुरी, जिला मुजफ्फरनगर ने बताया कि वह ट्रक लेकर धामपुर शुगर मिल जा रहा था। वहां से उसे मेली भरकर पंजाब लौटना था। सुबह करीब आठ बजे जब वह बिजनौर के चक्कर रोड स्थित राधिका बैंक्वेट हॉल के पास पहुंचा, तभी दो बोलेरो गाड़ियों में सवार युवकों ने ट्रक के आगे वाहन लगाकर उसे रोक लिया। महकार का आरोप है कि युवकों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताते हुए उससे 1.21 लाख रुपये छीन लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर में चोट आई। वारदात के बाद सभी आरोपी फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार दोनों बोलेरो गाड़ियों पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। उसने बताया कि ट्रक वर्ष 2023 में फाइनेंस पर खरीदा गया था। उस पर अभी पांच वर्ष का ऋण चल रहा है। घटना के समय वह ट्रक में अकेला था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि करीब एक माह पूर्व झालू रोड रेलवे फाटक के पास भी कुछ लोगों ने उसकी गाड़ी रोककर किस्त बकाया होने का हवाला देते हुए उससे 25 हजार रुपये छीन लिए थे।

उधर, थाना प्रभारी अवनीत मान ने चालक से रुपये छीनने के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि पीड़ित चालक अभी तक थाने नहीं आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटना की जांच की जा रही है।

DISTANCE AND ONLINE COURSES
MBA MCA M LIB
MA (JMC) M.Sc
BBA BCA B LIB
BA (JMC) B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन
कजाखस्तान
रूस
जॉर्जिया
किर्गिज़स्तान
उज्बेकिस्तान
बांग्लादेश
नेपाल
& More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
15+ YEARS OF EXPERIENCE
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन
एडमिशन गाइडेंस
डॉक्यूमेंटेशन सपोर्ट
वीजा प्रोसेसिंग
ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
₹8/- PER SQ. FT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर